महाकुंभ 2025
आजकी खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



## 'बैल' और 'गोल्डन बाबा' बने आकर्षण का केंद्र

### शरीर पर पहनते हैं 6 करोड़ से अधिक का सोना





**महाकुंभ नगर ( ब्यूरो )।** संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ का धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल बड़े ही धूमधाम से जारी है। यहां हर दिन हजारों श्रद्धालु साधु-संतों के दर्शन करने के लिए जुट रहे हैं, लेकिन इस बार महाकुंभ में कुछ खास संत अपने अनोखे रूप और भक्ति के कारण खासा आकर्षण बना चुके हैं। इनमें से एक हैं गोल्डन बाबा, जिनकी भक्ति और सोने के आभूषणों के कारण चर्चाएं हो रही हैं। केरल के रहने वाले गोल्डन बाबा का असली नाम एसके नारायण गिरी महाराज है, जो निरंजनी अखाड़े से जुड़े हुए हैं और अखाड़े के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज से दीक्षा लेकर संन्यासी बने हैं। गोल्डन बाबा के शरीर पर पहने गए सोने के आभूषण की कीमत छह करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है। इसमें सोने की अंगूठियां, कंगन, घड़ी, देवताओं के सोने से जड़ी लाकेट वाली छड़ी, 20 से अधिक मालाएं और सोने का मोबाइल कवर शामिल हैं।

# महाकुंभ एकता, समता और समरसता का संगम युवाओं के जुड़ने से स्वर्णिम भविष्य सुनिश्चित : मोदी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ को एकता, समता और समरसता का असाधारण संगम करार दिया और कहा कि इस महापर्व में कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। उन्होंने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी पर भी जोर दिया और कहा कि यह परंपरा हजारों वर्षों से चली आ रही है, जो समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देती है। प्रधानमंत्री मोदी अपने रेडियो कार्यक्रम %मन की बात% की 118वीं कड़ी में साल 2025 की पहली कड़ी के रूप में अपने विचार साझा कर रहे थे।



### कुंभ, पुष्करम और गंगा सागर मेले का महत्व

" प्रधानमंत्री ने कुंभ, पुष्करम और गंगा सागर मेले का जिक्र करते हुए कहा कि ये सभी पर्व सामाजिक मेलजोल, सद्भाव और एकता को बढ़ावा देने वाले हैं। कुंभ में दक्षिण, पश्चिम और हर कोने से लोग आते हैं, गरीब और अमीर सब एक हो जाते हैं और संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। यही कुंभ का असली उद्देश्य है, उन्होंने कहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ का आयोजन हमें यह बताता है कि हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधने का काम करती हैं। इस बार महाकुंभ में युवाओं की भागीदारी ने इसे और भी व्यापक बना दिया है, जो देश की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का जिक्र करते हुए कहा, जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है, तो उसकी सभ्यतागत जड़ें और मजबूत होती हैं, और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। उन्होंने युवाओं को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने का आह्वान किया और कहा कि यह उनकी सामाजिक और राष्ट्रीय पहचान को मजबूत करने में मदद करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भी उल्लेख किया और इसे महत्वपूर्ण बताया, क्योंकि इसी दिन भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी। उन्होंने इस दिन की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की मजबूती और नागरिकों की जिम्मेदारी को दर्शाता है।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम में अयोध्या में राम मंदिर में राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ का भी उल्लेख किया और इसे भारत की सांस्कृतिक चेतना की पुनः प्रतिष्ठा की द्वादशी करार दिया। उन्होंने कहा, हमें विकास के रास्ते पर चलते हुए अपनी विरासत को सहेजते हुए आगे बढ़ना है और उससे प्रेरणा लेते हुए समाज को आगे बढ़ाना है।

प्रधानमंत्री मोदी के इन विचारों से यह स्पष्ट हो गया कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, एकता और भारत की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बन चुका है।

# महाकुंभ में लगा एक अनोखा डिजिटल सिस्टम

## " शरीर में पनप रही बीमारियों की करेगा पहचान

**महाकुंभ नगर ( ब्यूरो )।** महाकुंभ-2025 न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। इस वर्ष महाकुंभ में, गंगा स्नान के लिए लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, और इसी के बीच नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने एक अभिनव डिजिटल मशीन लगाई है, जिसने आगंतुकों के बीच काफी आकर्षण पैदा किया है।

यह डिजिटल मशीन आगंतुकों के शरीर को स्कैन करके संभावित स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करती है। मशीन का उपयोग बेहद सरल है—किसी भी व्यक्ति को मशीन के सामने खड़ा होते ही, यह स्वचालित रूप से उनका स्कैन शुरू कर देती है। कुछ ही मिनटों में यह शरीर के अंदर पनप रही बीमारियों की पहचान करती है और स्वास्थ्य संबंधी सुझाव देती है।

इसका मुख्य उद्देश्य दूषित पानी पीने से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह मशीन स्वच्छ पानी के सेवन के महत्व को बताते हुए, आगंतुकों को यह समझाती है कि स्वच्छ पानी त्वचा, गुर्दे और यकृत के लिए कितना लाभकारी है। इसके अलावा, यह दूषित पानी के सेवन से होने वाली बीमारियों जैसे डायरिया, पीलिया, और अन्य गंभीर समस्याओं से बचने का संदेश भी देती है।

मशीन में इंटरएक्टिव फीचर्स भी जोड़े गए हैं, जिसमें एक योगा चैलेंज फीचर शामिल है। इस फीचर में प्रतिभागियों को पांच योग आसनों को सही ढंग से करने का अवसर मिलता है। सेंसर प्रतिभागियों की मुद्राओं की सटीकता का आंकलन करते हैं और उन्हें अंक प्रदान करते हैं। सही मुद्रा के लिए हरा और गलत मुद्रा के लिए लाल रंग दिखाया जाता है, और विजेताओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाता है।

इसके अलावा, स्वच्छ और दूषित पानी के प्रभाव को आभासी अनुभव के माध्यम से समझाने का प्रयास भी किया गया है। एक खेल में, जो खिलाड़ी स्वच्छ पानी पीते हैं, वे बिना थके अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं, जबकि गंदा पानी चुनने वाले खिलाड़ी थकावट का अनुभव करते हैं।

# तीन मंजिला मकान में लगी भीषण आग

## महिला और तीन बच्चों की जल कर मौत

**गाजियाबाद।** लोनी कोतवाली क्षेत्र के कंचन पार्क कॉलोनी में तीन मंजिला मकान में आग लग गई। तीन बच्चों समेत चार की मौत हो गई। जबकि दो झुलस गए हैं। परिवार में चार मौत होने से कोहराम मच गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार, लोनी कोतवाली क्षेत्र के कंचन पार्क कॉलोनी में आज सुबह मकान की दो मंजिल में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से तीन बच्चे जीशान, अयान, शान और महिला गुलबाहर की मौत हो गई। घटना में शाहनवाज, शाहनवाज की पत्नी आयशा, शाहनवाज के बेटे जान ने पड़ोसी की छत से कूद कर जान बचाई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया और शवों को बाहर निकाला। आग लगने के सही कारण का पता नहीं चल सका है। सूचना पाकर अधिकारी मौके पर पहुंचे।

मूल रूप से मवाना मेरठ के रहने वाले शाहनवाज और शमशाद लोनी के कंचन पार्क कॉलोनी में करीब 30 साल से रह रहे हैं। दोनों भाई सिलाई का काम करते हैं। शाहनवाज के परिवार में पत्नी गुलबहार दो बच्चे जीशान और अयान हैं। शमशाद के परिवार में उसकी पत्नी आयशा और दो बच्चे शान और जान हैं। यह सभी आठ लोग चार मंजिल के मकान में रहते हैं। शनिवार रात सभी लोग मकान की चौथी मंजिल में दो अलग-अलग कमरों में सोए थे।

सुबह अचानक तीसरी मंजिल में आग लग गई। आग लगने पर पूरे मकान में धुआं फैल गया। धुआं फैलने पर शाहनवाज, शाहनवाज की पत्नी आयशा, शाहनवाज के बेटे जान ने पड़ोसी की छत से कूद कर जान बचाई। बाकी परिवार के सदस्य अंदर फंस गए। इस पर दोनों भाई फिर वापस अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। आग चौथी मंजिल तक पहुंच चुकी था। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग जमा हो गए। उन्होंने परिवार के लोगों के साथ मिलकर पानी डालकर आग बुझाने का काम शुरू किया।

कुछ देर बाद पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस और अग्निशमन विभाग के टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने पानी डालकर आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने घर के अंदर फंसे बच्चे और महिला को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलने पर डीसीपी ग्रामीण अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जान पुत्र शमशाद (4), आयशा पत्नी शमशाद (30) घायल हैं। गुलबहार पत्नी शाहनवाज (32), शान पुत्र शमशाद (8), जीशान पुत्र शाहनवाज (7), और अयान पुत्र शाहनवाज (4) की मौत हो गई है।

इस घटना में बचे लोगों ने बताया कि आग कैसे लगी उन्हें जानकारी नहीं है। नीचे वाली मंजिल से धुआं और आग की लपेटें निकल रही थीं। तीसरी मंजिल पर सिलाई मशीन का सामान और कपड़े रखे हुए थे। संभावना है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी और पूरे मकान में फैल गई।

# गूगल मैप में दिखेंगे नोएडा में क्राइम के नए हॉट स्पॉट

**नोएडा।** नोएडा शहर में हो रहे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नोएडा पुलिस अब नए हॉट स्पॉट चिन्हित कर रही है। पुलिस इन जगहों को गूगल मैप पर भी दर्ज करेगी, ताकि घटनाओं को होने से रोका जा सके। इसके लिए बीते महीनों में शहर में हुई लूट, चोरी, झपटमारी और मारपीट की घटनाओं का ब्योरा निकलवाया जा रहा है। इन 50 घटनाओं को हॉट स्पाट चिन्हित करने का आधार बनाया जाएगा।



इस आधार पर अब तक जो हॉट स्पॉट चिन्हित हुए हैं, उनमें सेक्टर-27 ए अट्टा मार्केट, सेक्टर-38 ए बोटेनिकल गार्डेन, शशि चौक, सेक्टर-62, सेक्टर-75 स्पेक्ट्रम मॉल के सामने, सेक्टर-40, सेक्टर-41 मार्केट के सामने, सेक्टर-18 डीएलएफ मॉल के सामने, शादियों के समय बारातघर, सेक्टर-33, पर्थला चौक और सेक्टर-33 शामिल हैं। अन्य जगहों के लिए पुलिस की टीम काम कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध वाली जगहों को गूगल मैप पर दर्ज करवाया जा रहा है। यह नक्शा सिर्फ पुलिस के उपयोग के लिए होगा। हॉट स्पॉट तय करने के साथ यह देखा जा रहा है कि उस जगह पर कौन सा अपराध लगातार हो रहा है। फिर आगे उस अपराध को रोकने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। लूट और चोरी की घटनाओं को रोकने पर पुलिस का विशेष जोर है। अभी तक जिन हॉट स्पॉट का चयन हुआ है, वहां पर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। जिन जगहों पर आपराधिक घटनाएं हो रही हैं और अगर वहां पर अंधेरा है तो वहां पर प्रकाश की व्यवस्था के लिए पुलिस प्राधिकरण के अधिकारियों से पत्राचार करेगी।

# दिल्ली से लखनऊ जा रही डबल डेकर बस पलटी

## 30 लोग घायल, एक का हाथ कटा

**लखनऊ ( एजेंसी )।** दिल्ली से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार डबल डेकर बस तिकुनिया मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार यात्री चीखने-चिल्लाने लगे। वहां अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने लोगों की मदद से बस में सवार यात्रियों को निकला। घटना में 30 यात्री घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के मुताबिक यात्रियों को निकाला जा रहा। कुछ लोगों की हालत गंभीर है। इस दुर्घटना में कुछ बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्रभावित बस सवारियों के अनुसार ड्राइवर नशे में गाड़ी चला रहा था। तेज रफ्तार होने की वजह से उसका संतुलन गाड़ी से बिगड़ गया। इस घटना में एक सवारी के हाथ कट जाने की भी खबर है।

# कटिहार में नाव पलटने से 10 की मौत



**बिहार/कटिहार ( एजेंसी )।** कटिहार में गंगा नदी के गोलाघाट के पास नाव पलटने से उस पर सवार 10 की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार प्राणपुर, बुधनगर एवं किशनपुर गांव के लोग नाव में सवार थे। आज सुबह सात बजे के करीब ये सभी लोग छोटी नाव पर सवार होकर पड़ोसी राय झारखंड के साहिबगंज में बासकोल स्थित रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। नाव पर 18 लोग सवार थे। क्षमता से अधिक लोग सवार होने के कारण नाव दुर्घटना का शिकार हो गई। आठ लोग तैरकर सुरक्षित बाहर निकल गए। लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

# पुलिस और शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़, पैर में लगी गोली

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-126 पुलिस और एक शातिर बदमाश के बीच मंगलवार देर रात मुठभेड़ हुई, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान सूरज तिवारी उर्फ राहुल के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके से चोरी की मोटरसाइकिल और एक अवैध तमंचा बरामद किया गया है।

एडिशनल डीसीपी मनीष मिश्रा के अनुसार, नोएडा के पुश्ता रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया। बदमाश ने रुकने के बजाय भागने की कोशिश की और पीछा करने पर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायर किया, जिससे बदमाश घायल हो गया।







पूछताछ में पता चला कि सूरज तिवारी उर्फ राहुल हत्या और लूट जैसे संगीन मामलों में वांछित था। नोएडा के अलावा दिल्ली पुलिस भी उसकी तलाश कर रही थी। बदमाश चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। बरामद मोटरसाइकिल के बारे में जानकारी मिली है कि यह दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके से चुराई गई थी, जिसके संबंध में ई-एफआईआर दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि बदमाश के आपराधिक इतिहास की गहराई से जांच की जा रही है। नोएडा पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

## हार्ट अटैक से प्राधिकरण के उद्यानकर्मी चाहत राम अवाना का निधन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण में उद्यान विभाग में तैनात चाहत राम अवाना, पुत्र स्वर्गीय जगमाल सिंह अवाना, निवासी सेक्टर 15 नया बांस का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे तकरीबन 56 वर्ष के थे और अपने पीछे दो पुत्र तथा दो पुत्रियों समेत एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार आज सेक्टर 94 स्थित उनके निवास स्थान पर किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता राजेंद्र अवाना, वीरेंद्र अवाना, पत्रकार धीरेंद्र अवाना, अंकित अवाना समेत परिवार और समाज के कई लोग, विभिन्न दलों के नेता तथा नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारी आदि अंतिम संस्कार के वक्त मौजूद थे। चाहत राम अवाना को दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें सेक्टर 12 के मेट्रो हॉस्पिटल में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टरों की अथक प्रयास के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके निधन से उनके परिवार तथा समाज में शोक की लहर है।



RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *निःशुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

# पार्टी का चरित्र

कॉडर की तलाश में भाजपा का कारवां यूं तो बहुत चला, मगर मंजिलों पर बेनामी जमीन पर कांटे बहुत रहे। राहत के लिए यह पैगाम अच्छा है कि बढ़े हुए संगठनात्मक आकार में अब दो रिक्तियां ही बचीं। मात्र दो और रिक्तियां भी अगले कुछ दिनों की मेहमान हैं, लेकिन अपने मंडलों में अपनी ही मुंडियों की पहचान में पार्टी की गर्दन पर बल आया। जो अकड़े, जो विरोध हुए, उनमें सबक हैं और अनेक सवाल भी। पार्टी का चरित्र अपनी ही फौज के सामने अनुत्तीर्ण हो जाए तो मंडल के एक तरफ इतिहास होगा और दूसरी तरफ नया प्रयास होगा। हमने कहा था और यह हकीकत है कि संगठन में भाजपा अपनी प्रतिद्वंद्वी पार्टी कांग्रेस से बहुत आगे है, लेकिन इस बार तूती बोलने से पहले कहीं पांव के घाव कराह उठे। सवाल कहीं गहरा और गंभीर इसलिए कि कांग्रेस से उठाए नेताओं के घर में संगठन की जमीन और आसमान में भारी अंतर रहा है। बेशक मंडलों की तासीर में एक चुनाव भर दिया गया, लेकिन कहीं बहुत पीछे भाजपा के अपने ही लकीर पीटते रह गए। यही लकीरें वहां-वहां खूब लड़ी जहां कांग्रेसी घरानों से भाजपा में कई नेता रसीद हुए। बहरहाल देहरा में होशियार सिंह पर दांव खेल चुकी भाजपा के खजाने में अपने और पराय का नफा नुकसान दिखाई दे रहा है। हम कह सकते हैं कि भाजपा के भीतर भी कई भितरघात हैं, लेकिन सत्ता के छोर पर खड़ी कांग्रेस के हाथ में क्या कोई जादू की छड़ी है जो सब कुछ 'चंगा' मानकर अविचलित है। एक सघन विराम में खड़ी कांग्रेस के नखरे, राजनीति की ऐसी पहेली नहीं कि भाजपा प्रसन्न न हो। एक पार्टी जो 171 मंडलों के माध्यम से चुनावी मंथन में जुटी हो, उसके सामने कांग्रेस की खामोशी आत्मघाती है। कल भाजपा अपने नए कवच में प्रदेश की समूची सियासत को छुपा लेगी, तब कांग्रेस क्या करेगी। यह साबित होने लगा है कि भाजपा अपनी कमान में ऐसा हर अस्त्र-शस्त्र रखती है, जिसके सामने दूसरी पार्टियां मजबूर और महीन नजर आती हैं। दरअसल राजनीति अब शिरकत का इंतजाम है, जिसके लिए भाजपा 24M7 तत्पर रहती है। बदले में आलाकमान के भरोसे कांग्रेस के आराम गिने जा सकते हैं। यहां ऊंट न जाने कब से बैठे हैं और करवट भी गिन नहीं पाए। यह हिमाचल में पार्टी की ही करवटें थीं कि सत्ता के भीतर तक एक तूफान गुजर गया और देखते ही देखते छह विधायक कांग्रेस की कही में, अनकही बन गए। क्या इसके बाद अफसोस मनाया गया था या इस आश्चर्य पर भी पश्चाताप न किया जाए। जो होना था वो हो चुका है, लेकिन जो करना पड़ेगा, उसके ऊपर भी एक पार्टी अगर वक्त गुजार दे, तो भाजपा की चुनावी कसरतों के पैमाने कहीं तो बेहतर साबित होंगे। हिमाचल के राजनीतिक परिदृश्य का असंतोष अब सत्ता के मरहम या वहम में छुप रहा है, जबकि एक खालीपन अब सरेआम दिखाई देने लगा है। यह तीसरे विकल्प की तलाशी हो सकता है या उभरते नए समीकरणों का कोई कोना। ऐसे में जबकि कांग्रेस और भाजपा के बीच विचारधारा के अंतर सिमट चुके या सीमा रेखाएं मिट चुकी हैं, तो बढ़ते आक्रोश या पार्टियों के भीतरी द्वंद्व कुछ तो विकल्प चाहते हैं। क्यों न माना जाए कि कांग्रेस और भाजपा की बास्केट में जो देखा जा रहा है, वह समय आने पर पाला बदल सकता है। इस तरह के विखंडन की ताजपोशी से आज अगर भाजपा को कांग्रेस में पले नेता मिल गए, तो कल कांग्रेस के आकर्षण में भी पार्टी कुछ तो गंवा सकती है। यह दीगर है कि भाजपा के पास किसी भी आगंतुक के लिए राष्ट्रीयकारण व संभावनाएं कहीं अधिक रही हैं, लेकिन हिमाचल के संदर्भों में ऐसे बदलाव काठ की हांडी पर ही हो रहे हैं, लिहाजा तीसरे मोर्चे का द्वार खुलता है तो झुंड में फंसे नेता, भागेंगे जरूर। हालांकि हिमाचल में इक्का दुक्का नेता या कहने को पंडित सुखराम व मेजर विजय सिंह मनकोटिया ही ऐसे प्रयास कर पाए। नेताओं के हालिया आवरण व विवरण ऐसे नहीं हैं कि अपने दम पर कुनबा बना पाएं, फिर भी पार्टियों के हाशिए घुटन महसूस करते हैं। यह इसलिए भी कि हिमाचल में सत्ता का चरित्र अब यारवाद के घोड़ों पर सवार रहना चाहता है। राजनीति का मंतव्य केवल सत्ता के दरबार तक महफूज रहना चाहता है, इसलिए पार्टियों के छाज अब छलनी से भयभीत हैं। भले ही 171 मंडल बना कर भाजपा ने कांग्रेस के सामने कई दुर्ग बना लिए, लेकिन इस पूरी मंत्रणा से जो हिस्से छिटक गए, उनके असंतोष को कौन सी घड़ी दुरुस्त कर पाएगी।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सिद्ध, तपस्वी, योगीगण, देवता, किन्नर और मुनियों के समूह उस पर्वत पर रहते हैं। वे सब बड़े पुण्यात्मा हैं और आनंदकन्द श्री महादेवजी की सेवा करते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**हरि हर बिमुख धर्म रति नाहीं। ते नर तहँ सपनेहुँ नहिं जाहीं॥**
**तेहि गिरि पर बट बिटप बिसाला। नित नूतन सुंदर सब काला॥**

जो भगवान विष्णु और महादेवजी से विमुख हैं और जिनकी धर्म में प्रीति नहीं है, वे लोग स्वप्न में भी वहाँ नहीं जा सकते। उस पर्वत पर एक विशाल बरगद का पेड़ है, जो नित्य नवीन और सब काल (छहों ऋतुओं) में सुंदर रहता है॥

**त्रिबिध समीर सुसीतलि छाया। सिव बिश्राम बिटप श्रुति गाया॥**
**एक बार तेहि तर प्रभु गयऊ। तरु बिलोकि उर अति सुखु भयऊ॥**

वहाँ तीनों प्रकार की (शीतल, मंद और सुगंध) वायु बहती रहती है और उसकी छाया बड़ी ठंडी रहती है। वह शिवजी के विश्राम करने का वृक्ष है, जिसे वेदों ने गाया है। एक बार प्रभु श्री शिवजी उस वृक्ष के नीचे गए और उसे देखकर उनके हृदय में बहुत आनंद हुआ॥

**निज कर डासि नागरिपु छाला। बैठे सहजहिं संभु कृपाला॥**
**कुंद इंदु दर गौर सरीरा। भुज प्रलंब परिधन मुनिचीरा॥**

अपने हाथ से बाघम्बर बिछाकर कृपालु शिवजी स्वभाव से ही (बिना किसी खास प्रयोजन के) वहाँ बैठ गए। कुंद के पुष्प, चन्द्रमा और शंख के समान उनका गौर शरीर था। बड़ी लंबी भुजाएँ थीं और वे मुनियों के से (वल्कल) वस्त्र धारण किए हुए थे॥

(क्रमश:..)

# 'आम आदमी पार्टी तो अपना रिपोर्ट कार्ड पेश नहीं करेगी'

दिल्ली विधानसभा चुनावों को एक बार फिर जीतने के लिए आम आदमी पार्टी पूरा जोर लगा रही है। आम आदमी पार्टी वोट मांगने के दौरान अपनी मुफ्त की रेवड़ियों के बारे में तो जनता को बता ही रही है साथ ही वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई भी दे रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दी गयी मुफ्त की सौगातें बड़ा छलावा साबित हुई हैं और लोकतंत्र तथा संविधान की मर्यादा का भी इस पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं रखा।

आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया। जिस विधानसभा को दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल निकालना था उसको आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास करने का मंच बनाकर रख दिया। दिल्ली विधानसभा को किस तरह आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का मंच बना कर रखा इसे आप इसी से समझ सकते हैं कि निवर्तमान विधानसभा ने पूरे पांच साल में मात्र 74 दिन ही कार्य किया। पांच साल में 1825 दिन होते हैं मगर इनमें से काम हुआ मात्र 74 दिन।

हम आपको बता दें कि यह दिल्ली की विधानसभा के अब तक के सबसे कम कार्य दिवस का रिकॉर्ड है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे पांच साल में मात्र 14 विधेयक पारित किये। यानि दिल्ली की विधानसभा ने अपने इतिहास में पांच साल में सबसे कम विधेयक पारित करने का रिकॉर्ड भी बनाया है। खास बात यह रही कि यह जो 14 विधेयक पारित हुए उनमें से पांच विधायकों के भत्ते, सुविधाएं और उन्हें मिलने वाली सैलरी से संबंधित थे। साथ ही दिल्ली के विधायकों के कामकाज का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 2020 से 2025 तक विधायकों ने विधानसभा में सालाना आधार पर औसत 219 प्रश्न ही पूछे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के शासन में विधानसभा में जिस दिन भी कार्यवाही हुई वह औसतन मात्र तीन घंटे तक चली। इसके अलावा विधानसभा के 74 कार्य दिवसों में से मात्र नौ दिन ही प्रश्नकाल हुआ।

यही नहीं, आम आदमी पार्टी की सरकार ने कभी विधानसभा का सत्रावसान भी नहीं किया ताकि जब चाहें विधानसभा की बैठक बुला सकें और वहां से राजनीतिक बयानबाजी कर सकें। दरअसल विधानसभा का सत्रावसान होने पर सत्र को दोबारा आहूत करने के लिए उपराज्यपाल की अनुमति चाहिए होती है और उन्हें सदन की बैठक बुलाने का कारण भी बताना होता है। आम आदमी पार्टी को लगता था कि यदि उपराज्यपाल ने बैठक



*आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया।*

बुलाने की अनुमति नहीं दी तो कैसे अपने राजनीतिक हित सधेंगे इसलिए वह कभी सत्रावसान करते ही नहीं थे। यही नहीं, विधानसभा में सीएजी की जो रिपोर्टें प्रस्तुत की जानी थीं वह भी नहीं की गयीं।

जहां तक आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से बांटी जाने वाली मुफ्त रेवड़ियों की बात है तो उसकी सच्चाई यह है कि जनता को जितना दिया नहीं गया उतना हर योजना में घोटाला हो गया है। यह घोटाले भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके के हैं। मसलन एक दारू की बोतल पर दूसरी बोतल फ्री दी गयी लेकिन शराब नीति के जरिये घोटाला करके दिल्ली के सरकारी खजाने को हजारों करोड़ रुपए का चूना लगा दिया गया। जनता को 200 यूनिट बिजली फ्री देने की बात की गयी लेकिन एक यूनिट फालतू होते ही भारी भरकम बिजली बिल भेजे गये। जनता को 700 लीटर पानी फ्री देने की बात हुई लेकिन लोगों के भारी भरकम पानी के बिल आये। खास बात यह रही कि पानी का बिल तो हर महीने आ गया लेकिन नल से जल हर रोज नहीं आया और जहां जहां नल से जल आया वह गंदा आया।

इसके अलावा प्रदूषण से निबटने की कोई स्थायी और प्रभावी योजना नहीं होने के चलते दिल्ली इतनी प्रदूषित हो गयी कि लोगों को तमाम तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो गयी हैं। अक्सर बुजुर्गों को होने वाली सांस की बीमारी दिल्ली के बच्चों को भी हो गयी है। दिल्ली में पवित्र यमुना नदी को गंदा नाला बनने से रोकने में आम आदमी पार्टी की सरकार पूरी तरह विफल रही। दिल्ली में यमुना का जल इतना प्रदूषित है कि त्योहारों पर श्रद्धालु अगर पानी में चले जायें तो उन्हें चर्म रोग हो जाते हैं और इस पानी का शोधन करने में मशीनों के हाथ पांव फूल जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली की सरकार अपने शिक्षा मॉडल का ढिंढोरा खूब पीटती है लेकिन अपने अब तक के कार्यकाल में वह एक भी नया स्कूल, एक भी नया कॉलेज या एक भी नया अस्पताल नहीं बना सकी है। दिल्ली में जल निकासी की व्यवस्था इतनी खराब है कि बारिश आने पर बेसमेंट में पानी भर जाने से छात्र डूब कर मर जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली एमसीडी में आम आदमी पार्टी का शासन होने के बावजूद कूड़े के पहाड़ वहीं के वहीं हैं।

इसके अलावा, अरविंद केजरीवाल भले इस समय मंदिर मंदिर जाकर हिंदुओं को लुभाने के प्रयास कर रहे हैं लेकिन तथ्य यह है कि आम आदमी पार्टी के शासन के दौरान ही हिंदू दीवाली पर पटाखे नहीं चला पाये। यह बात भी गौर करने लायक है कि आम आदमी पार्टी महिलाओं को अभी 1000 रुपए मासिक देने और चुनाव बाद 2100 रुपए देने की बात कर रही है लेकिन सवाल उठता है कि महिलाओं की सुध उसे अपने शासन की शुरुआत या मध्य में क्यों नहीं आई थी? यही नहीं, एक दारू की बोतल पर दूसरी दारू की बोतल फ्री देकर आम आदमी पार्टी ने महिलाओं का ही सिरदर्द सबसे ज्यादा बढ़ाया था।

वैसे यहां सवाल आम आदमी पार्टी से ही नहीं है बल्कि दिल्ली के मतदाताओं से भी है। आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में किये गये फ्री के वादों को देखने की बजाय क्या किसी मतदाता ने इस सरकार का रिपोर्ट कार्ड देखा है। दिल्ली के मतदाताओं को यह जानकर हैरानी होगी कि अपने घोषणापत्र का प्रचार कर रही आम आदमी पार्टी की सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं पेश कर रही है क्योंकि रिपोर्ट में दिखाने के लिए कुछ है ही नहीं।

दिल्ली के मतदाताओं पर देश की नजर इसलिए भी है क्योंकि नवीनतम सांख्यिकीय पुस्तिका दर्शाती है कि साल 2023-24 में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 4,61,910 रुपये थी जो देश में गोवा और सिक्किम के बाद तीसरी सबसे अधिक है। यानि शहर की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय स्तर की प्रति व्यक्ति आय 1,84,205 रुपये से दोगुनी से भी अधिक थी। इसके अलावा एक और आंकड़ा यह बताता है कि सबसे कम महंगाई दर के मामले में झारखंड के बाद दिल्ली का नंबर आता है। यानि दिल्ली में आमदनी ज्यादा है और महंगाई कम है इसलिए सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति में भी सबको सब कुछ फ्री में क्यों चाहिए? देश की जनता देख रही है कि क्या दिल्ली का मतदाता अपने निजी फायदे पर ध्यान देने की बजाय इस बार अपने शहर के फायदे को देखेगा?

**-नीरज कुमार दुबे**

# हरिवंश राय बच्चन ने शुरू किया था काव्य पाठ के मेहनताना की परंपरा

18 जनवरी को हिंदी के मशहूर कवि-लेखक हरिवंश राय बच्चन इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया था। जब हरिवंश राय बच्चन काव्य पाठ करते थे, तो लोग अपनी सुध-बुध खोकर उनकी कविताओं में खो जाते थे। उनकी कविताओं में सरलता और संवेदनशीलता का जो मिश्रण था, वह उनको हमेशा के लिए अमर कर गया। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर हरिवंश राय बच्चन के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...



उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद के पास प्रतापगढ़ जिले के छोटे से गांव पट्टी में हरिवंश राय बच्चन का जन्म हुआ था। शुरूआती शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने साल 1938 में इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से अंग्रेजी साहित्य में एमए किया था। वहीं साल 1941 से 1952 तक उन्होंने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में प्रवक्ता रहे। फिर वह आगे की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड चले गए। वहां पर कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से उन्होंने अंग्रेजी साहित्य पर शोध किया था।

यह बात करीब 7 दशक पुरानी है, जब मंचों पर हरिवंश राय काव्य पाठ करते तो लोग अपनी सुध-बुध खो बैठते थे। साल 1954 में प्रयागराज में आयोजित कवि सम्मेलन में बिना मेहनताना के हरिवंश राय बच्चन ने काव्य पाठ करने से मना कर दिया। फिर करीब 1 घंटे तक चली मान-मनौव्वल के बाद कवि के सामने आयोजकों को झुकना पड़ा। तब जाकर हरिवंश राय बच्चन काव्य पाठ के लिए तैयार हुए। इस दौरान उन्होंने काव्य पाठ से 101 रुपए की कमाई की थी। यह मेहनताना हरिवंश बच्चन ने खुद हासिल किया और बल्कि अन्य कवियों को भी दिलवाया था। इसी के बाद से कविता पाठ का मेहनताना देने की परंपरा की शुरूआत की थी। जो अब तक जारी है।

बता दें कि हरिवंश राय बच्चन ने कुल 26 काव्य संग्रह लिखे हैं। अंग्रेजी के अध्यापन के अलावा उन्होंने भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के हिंदी ट्रांसलेटर के रूप में भी काम किया था। साहित्य में अपना योगदान देने के लिए हरिवंश राय को राज्यसभा का सदस्य मनोनीत किया गया था। साल 1976 में भारत सरकार ने हरिवंश बच्चन को पद्मभूषण दिया। इसके अलावा हरिवंश राय बच्चन को साल 1968 में '2 चट्टानों' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिला था।

मधुशाला पढ़ने वालों को लगता था कि इसके रचयिता शराब के शौकीन होंगे। लेकिन हरिवंश राय बच्चन ने अपने पूरे जीवन में कभी भी शराब को हाथ नहीं लगाया था। लेकिन इस हरिवंश बच्चन के पिता प्रताप नारायण श्रीवास्तव को लगता था कि इस कविता से देश के युवाओं पर गलत असर पड़ रहा है। युवा शराब की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। इसके कारण वह हरिवंश राय बच्चन के पिता उनसे काफी नाराज हो गए थे। उस समय मधुशाला का अन्य कई जगहों पर भी विरोध हुआ था। लेकिन यही कविता हरिवंश बच्चन की सबसे बड़ी पहचान बनी।

**- अनन्या मिश्रा**

# सिनेमा के ही नहीं राजनीति के भी शहंशाह थे एनटी रामा राव

फेमस फिल्म मेकर, एक्टर और पूर्व सीएम एनटी रामा राव का आज ही के दिन यानी की 18 जनवरी को निधन हो गया था। एनटी रामा राव को सिनेमा जगत का मसीहा भी कहा जाता था। उन्होंने न सिर्फ एंटरटेनमेंट जगत में अहम योगदान दिया था, बल्कि उनके राजनीतिक और सामाजिक कार्य भी सराहनीय हैं। इनके नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दर्ज है। ऐसे में आइए जानते हैं एनटी रामा राव के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...



कर्नाटक में 28 मई 1923 को एनटी रामा राव का जन्म हुआ था। वह किसान परिवार से ताल्लुक रखते थे। लेकिन गरीब परिवार में जन्मे रामा राव ने एक बड़ी विरासत खड़ी कर दी थी। एनटी रामा राव ने सिर्फ रील लाइफ ही नहीं बल्कि रियल लाइफ में भी ऐसे काम किए, जिसके आम लोग उनके बड़े फैन थे। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी थी। लेकिन जब उन्होंने राजनीति में एंट्री की, तो वहां पर भी मिसाल कायम की।

एनटी रामा राव ने करीब 300 से ज्यादा फिल्मों में बतौर अभिनेता काम किया था। इसके लिए उनको तीन बार नेशनल अवॉर्ड भी जीता था। एनटी रामा राव ने नंदी अवॉर्ड से लेकर फिल्मफेयर जैसे बड़े अवॉर्ड अपने नाम किए थे। एनटी रामा राव इतने ज्यादा पॉपुलर थे कि लोग उनको देवता मानते थे। जिसका फायदा उनको राजनीतिक करियर में भी मिला। फिल्मों की तरह ही उनकी राजनीति भी पॉपुलर रही।

एनटी रामा राव ने साल 1982 में राजनीति में आने का फैसला किया था। एनटी रामा राव वह शख्स थे, जिन्होंने रथ यात्रा का प्रचलन शुरू किया था। उन्होंने 9 महीनों में 40 हजार किमी से ज्यादा यात्रा की थी। इस दौरान वह तरह-तरह के लोगों से मिले और उनकी परेशानी को जाना। इस तरह से एनटी रामा राव का नाम 'गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज हुआ। बता दें कि देश की बड़ी राजनीतिक पार्टी में से एक तेलुगु देशम पार्टी को बनाने वाले एनटी रामा राव ही थे। एनटी रामा राव ने साल 1982 में इसकी स्थापना की थी। जब से राज्य की स्थापना हुई थी, तबसे इस राज्य को कांग्रेस का गढ़ माना जाता था। लेकिन एनटी रामा राव के नेतृत्व में उन्होंने कांग्रेस की छवि को कमजोर कर दिया था। वह साल 1983 से लेकर 1994 तक तीन बार राज्य के सीएम रहे थे।

**- अनन्या मिश्रा**

**18 जनवरी को फेमस फिल्म मेकर, एक्टर और पूर्व सीएम एनटी रामा का निधन हो गया था। एनटी रामा राव ने सिर्फ रील लाइफ ही नहीं बल्कि रियल लाइफ में भी ऐसे काम किए, जिसके आम लोग उनके बड़े फैन थे।**

# राशिफल

**माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
अज्ञात भय सताएगा। सिर दर्द और नेत्र पीड़ा संभव है। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आय में अनियमितता बनी रहेगी। उतार-चढ़ाव बना रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। बाकी प्रेम-संतान ठीक-ठाक है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
यात्रा से बचें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। अपमानित होने का भय रहेगा। प्रेम-संतान भी मध्यम है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
चोट-चपेट लग सकता है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
स्वंय के स्वास्थ्य और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी-चाकरी में कोई रिस्क न लें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
पैरों में चोट-चपेट लग सकती है। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान का साथ होगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
बच्चों के सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू,मैं-मैं से बचें। नकारात्मक सोच के शिकार होंगे।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
भूमि और वाहन की खरीदारी में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। मां का स्वास्थ्य खराब रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
नाक, कान और गला की परेशानी होगी या कंधे और भुजाओं में थोड़ी दर्द हो सकता है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। धन हानि के संकेत हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम-संतान की स्थिति लगभग ठीक है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
नकारात्मक ऊर्जा के शिकार होंगे। स्वास्थ्य, प्रेम और व्यापार ठीक नहीं चल रहा है। बहुत ध्यान से चलें।

# 12 अवैध फार्म हाउस पर चला बुलडोजर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों का पालन करते हुए ग्रेटर नोएडा के डूब क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने 12 अवैध फार्म हाउसों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।




डूब क्षेत्र की भूमि पर एनजीटी के मानकों का उल्लंघन करते हुए अवैध फार्म हाउस बनाए जा रहे थे। उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। तहसीलदार डॉक्टर अजय कुमार और नायब तहसीलदार ज्योत्सना सिंह समेत राजस्व और पुलिस टीमों ने अभियान में हिस्सा लिया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी चारुल यादव ने कहा, जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आगे भी डूब क्षेत्र की भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए इसी प्रकार का अभियान चलाया जाएगा। यह कार्रवाई एनजीटी के निर्देशों के अनुरूप की गई है, जिसमें डूब क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण और अतिक्रमण को सख्ती से हटाने के आदेश दिए गए हैं।

अभियान के दौरान पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिससे यह सुनिश्चित किया गया कि कार्रवाई शांतिपूर्ण और प्रभावी ढंग से संपन्न हो।

प्रशासन ने डूब क्षेत्रों में अवैध निर्माण करने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से प्रशासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि डूब क्षेत्र की भूमि को संरक्षित रखने के लिए किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जिले में गणतंत्र दिवस से पहले अलर्ट पब्लिक प्लेस पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**नोएडा (चेतना मंच)।** गणतंत्र दिवस 2025 के मद्देनजर नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के सभी तीनों जोन में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस डॉग स्क्वायड, मेटल डिटेक्टर और भारी पुलिस बल के साथ मेट्रो स्टेशन, मॉल्स, बस स्टैंड, और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग अभियान चला रही है। जिले के बॉर्डर पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है, और इंटेलिजेंस नेटवर्क को मजबूत किया गया है।

नोएडा जोन के डीसीपी राम बदन की निगरानी में एसीपी फर्स्ट प्रवीण कुमार सिंह ने थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के गार्डन गलेरिया, जीआईपी मॉल, बस स्टैंड, और बोटैनिकल गार्डन जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में बीडीडीएस (बॉम्ब डिस्पोजल एंड डिटेक्शन स्क्वायड) और डॉग स्क्वायड के साथ फुट पेट्रोलिंग की। इस दौरान संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच की गई। पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने और नियमित गश्त के निर्देश दिए गए।



ग्रेटर नोएडा और अन्य इलाकों में भी सुरक्षा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसीपी-2 सेन्ट्रल नोएडा दीक्षा सिंह ने थाना बिसरख क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पेट्रोलिंग की और सुरक्षा उपायों का जायजा लिया। एसीपी-1 सेन्ट्रल नोएडा राजीव कुमार गुप्ता ने फेस 2 इलाके में चेकिंग अभियान चलाया। वहीं, एसीपी फोर्थ ग्रेटर नोएडा सार्थक सेंगर ने थाना रबूपुरा क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की और संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच कराई।

गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पुलिस ने सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। फुट पेट्रोलिंग और गश्त तेज कर दी गई है, और पुलिसकर्मियों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने महाकुंभ में किया सहभाग



**प्रयागराज (ब्यूरो)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कल देर रात महाकुंभनगर पहुंचे। महाकुंभ में आस्था, एकता और समरसता के प्रतीक विश्व के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री का प्रदेश सरकार द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

प्रयागराज एयरपोर्ट पर उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का हार्दिक अभिनंदन किया।



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने संगम क्षेत्र के सेक्टर-6 में राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित विशेष टेंट का दौरा किया और वहां मौजूद राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालुओं से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से उनकी यात्रा और व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की और महाकुंभ के महत्व को लेकर अपने विचार साझा किए।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज को महाकुंभ मेले का भ्रमण करेंगे। इसके बाद वे प्रयागराज एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे।

महाकुंभ 2025 में इस बार देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचे हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री के इस आयोजन में सम्मिलित होने से महाकुंभ की गरिमा और बढ़ गई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वृक्षारोपण एवं वेटलैंड समिति की बैठक संपन्न

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज जूम ऐप के माध्यम से वृक्षारोपण एवं वेटलैंड समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वृक्षारोपण और वेटलैंड संरक्षण को लेकर किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन विभागों ने अब तक वृक्षारोपण की शत-प्रतिशत जियो टैगिंग नहीं कराई है, वे इसे शीघ्र पूरा करें और रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में किए गए वृक्षारोपण की सत्यापन रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए स्थलों का चिन्हांकन कर जानकारी उपलब्ध कराने को कहा।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को एमएलसी भूमि का चिन्हांकन कर आगामी वृक्षारोपण कार्यक्रम में इसका उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह भूमि पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के लिए उपयोगी साबित होगी।

वेटलैंड समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अतिक्रमित तालाबों को धारा-67 के तहत मुक्त कराने के निर्देश दिए। 2.25 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों के लिए ब्रीफ डॉक्यूमेंट तैयार करने और प्रस्तुत करने को कहा।

ग्राम हसनपुर, तहसील दादरी में स्थित 150 हेक्टेयर वेटलैंड के संबंध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित कर निरीक्षण करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया। यह रिपोर्ट आगामी बैठक में वेटलैंड समिति के समक्ष समीक्षा के लिए रखी जाएगी।

इस बैठक में प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीपीसीबी, पुलिस विभाग, प्राधिकरणों के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण और वेटलैंड संरक्षण के प्रयास पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और जिले को हरा-भरा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी विभागों को इन कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। इस बैठक को पर्यावरण संरक्षण और स्थायी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# आपदा प्रबंधन कार्यशाला आयोजित



**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशानुसार और अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अतुल कुमार के मार्गदर्शन में नगर पंचायत दनकौर में एक विशेष आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 8वीं बटालियन के समन्वय से आयोजित की गई, जिसमें आपदाओं से बचाव और सुरक्षा के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला में एनडीआरएफ के विशेषज्ञों ने भूकंप, बाढ़, आग, भूस्खलन, शीतलहर, बज्रपात, सर्पदंश और हार्ट अटैक जैसी आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले बचाव और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी। प्रतिभागियों को यह सिखाया गया कि आपदा के समय खुद को और दूसरों को कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है।

रक्तस्राव को नियंत्रित करना, फ्रैक्चर को स्थिर करना और हड्डी की अव्यवस्था को संभालना।

बेसिक लाइफ सपोर्ट, सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) और रोगी को उठाने-हिलाने की तकनीक। स्थानीय संसाधनों से तात्कालिक स्ट्रेचर तैयार करने का तरीका। जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी ने आपदा के समय की जाने वाली और न की जाने वाली गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को जागरूक करते हुए कहा कि आपदाओं के प्रति सतर्कता और सही प्रशिक्षण जान-माल के नुकसान को कम कर सकता है। इस आयोजन में नगर पंचायत दनकौर के अधिकारी, कर्मचारी, और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने एनडीआरएफ की भूमिका और आपदा प्रबंधन की तकनीकों की सराहना की।

इस कार्यशाला का उद्देश्य आपदाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना, आपदा के दौरान बचाव तकनीकों को समझाना और समुदाय को आत्मनिर्भर बनाना था। गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन और एनडीआरएफ के इस संयुक्त प्रयास को सभी प्रतिभागियों ने सराहा और इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# चेक बाउंस मामले में एक साल की सजा, 1.80 करोड़ का जुर्माना

**नोएडा (चेतना मंच)।** चेक बाउंस के एक महत्वपूर्ण मामले में गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त न्यायालय ने आरोपी को एक वर्ष के कारावास की सजा और 1.80 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। यह मामला 2012 का है, जब आरोपी ने प्रदीप से 2.35 करोड़ रुपए का निवेश लेकर वादा किया था कि उन्हें भागीदार बनाया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बाद में तीन चेक दिए गए, जो बाउंस हो गए, जिसके चलते कोर्ट में चेक बाउंस का मामला दर्ज किया गया। कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे कड़ी सजा दी।

# नोएडा मीडिया क्लब चुनाव की घोषणा, 31 जनवरी को मतदान

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा मीडिया क्लब की कार्यकारिणी ने आगामी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। चुनाव प्रक्रिया के तहत क्लब के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष और तीन कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए चुनाव होगा। चुनाव को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से आयोजित करने की जिम्मेदारी मुख्य चुनाव अधिकारी एल. बी. सिंह और सहायक चुनाव अधिकारी रवि संदूज को सौंपी गई है।

चुनाव कार्यक्रम इस प्रकार :- 19 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन दोपहर 12 बजे होगा।, 20 जनवरी को मतदाता सूची पर आपत्ति दर्ज करने का समय शाम 3 बजे तक रहेगा। 21-23 जनवरी को नामांकन पत्रों का वितरण सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा।, 22-23 जनवरी को नामांकन पत्र दाखिल करने का समय शाम 3 बजे तक रहेगा। प्राप्त नामांकन पत्रों की सूची शाम 5 बजे तक प्रकाशित की जाएगी। 24 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया शाम 4 बजे तक पूरी होगी। वैध नामांकन की अंतिम सूची शाम 5 बजे तक जारी की जाएगी। 31 जनवरी को मतदान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतगणना उसी दिन शाम 4.30 बजे से शुरू होगी, और परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

चुनाव अधिकारी एल. बी. सिंह ने कहा, चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न होगी। क्लब के सभी सदस्यों से अपील है कि वे समय पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करें। सहायक चुनाव अधिकारी रवि संदूज ने जानकारी दी कि चुनाव से संबंधित सभी गतिविधियों की जानकारी क्लब के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध कराई जाएगी। नोएडा मीडिया क्लब का यह चुनाव न केवल क्लब के नेतृत्व का चयन करेगा बल्कि क्लब के भविष्य की दिशा तय करने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

## नामांकन शुल्क:

**चुनाव में भाग लेने के लिए विभिन्न पदों के लिए नामांकन शुल्क तय किया गया है-**

**अध्यक्ष 10,000 रू.**
**उपाध्यक्ष 10,000 रू.**
**महासचिव 7,500 रू.**
**कोषाध्यक्ष 5,000 रू.**
**कार्यकारिणी सदस्य 2,500 रू.**
**नामांकन पत्र की फीस 500 रू. रखी गई है।**




# कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के कलाकारों का अनोखा संगम





**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ के अवसर पर सेक्टर 1 स्थित परेड मैदान में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित गंगा पंडाल के सांस्कृतिक मंच पर विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने अपने शास्त्रीय और लोक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस अनोखे कार्यक्रम में मणिपुर, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के सांस्कृतिक धरोहर की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत पश्चिम बंगाल की प्रख्यात बाउल गायिका पार्वती बाउल और उनके दल द्वारा बाउल गीतों की प्रस्तुति से हुई। पारंपरिक गीतों की मधुर धुनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पार्वती बाउल की प्रस्तुति में बंगाल की सांस्कृतिक समृद्धि की झलक दिखी, जिसने हर श्रोता को भावविभोर कर दिया।

इसके बाद, जवाहरलाल नेहरू मणिपुर डांस अकादमी के कलाकारों ने मंच संभाला। उन्होंने मणिपुर के प्रसिद्ध लोकनृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक लाल हरोबा नृत्य से हुई, जिसके बाद ढोल चोलम ने दर्शकों को मणिपुरी ताल और ऊर्जा का अनोखा अनुभव कराया। काबूई जागोई, पुंग चोलम और वसंता रास जैसे नृत्य दर्शकों को मणिपुरी संस्कृति की विविधता से परिचित कराते हुए कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे।

कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के जाने-माने कलाकार पंडित विनायक तोरवी ने दी। उन्होंने राग पुरिया धनश्री में आलाप से शुरुआत की और तुलसीदास द्वारा रचित रघुवर तुमको मेरी लाज गीत से श्रोताओं को भावविभोर किया। समापन में खेलत है गिरिधारी की प्रस्तुति ने पूरे माहौल को भक्तिमय और रोमांचक बना दिया।

इस आयोजन में संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक, नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष यादव, संस्कृति मंत्रालय की वरिष्ठ सलाहकार गौरी बसु, पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के उप निदेशक तापस और उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की हिमानी रावत उपस्थित रहीं। मंच संचालन वंदना शुक्ला ने किया।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

# सोना रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब, 700 रुपये उछलकर 82 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्थानीय बाजारों में बढ़ने से दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को सोने की कीमत लगातार तीसरे दिन बढकर 700 रुपये की तेजी के साथ 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। गुरुवार को यह बहुमूल्य धातु 81,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत लगातार तीसरे दिन चमकती रही और यह 700 रुपए बढ़कर 81,600 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि पिछले बंद भाव 80,900 रुपए प्रति 10 ग्राम था। हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमत 500 रुपये घटकर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

पिछले साल 31 अक्तूबर को स्थानीय बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना क्रमश: 82,400 रुपये और 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। कारोबारियों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के बावजूद घरेलू बाजार में आभूषण विक्रेताओं की ओर से अधिक मांग के कारण बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी आई। इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार



में फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 424 रुपये या 0.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,802 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी व करेंसी सेगमेंट के उपाध्यक्ष और शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, एमसीएक्स पर ऊपरी क्षेत्रों से सोने में मामूली मुनाफावसूली देखी गई, जिससे यह 78,800 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। त्रिवेदी ने कहा कि यह गिरावट ऐसे समय में आई है जब पश्चिम एशिया में तनाव के कम होने जैसे सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। हाल के अमेरिकी आंकड़े भी सकारात्मक रहे हैं। सीपीआई, खुदरा बिक्री और फेडरल रिजर्व का नरम भी काफी हद तक बाजार के पक्ष में हैं।

एमसीएक्स पर शुक्रवार को मार्च डिलीवरी वाले चांदी अनुबंध की कीमत 1,093 रुपये या 1.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 91,710 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 21.10 डॉलर प्रति औंस या 0.77 प्रतिशत गिरकर 2,729.80 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। कोटक सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च की एवीपी कायनात चैनवाला ने कहा, अमेरिका में आवास और औद्योगिक उत्पादन के आगामी आंकड़ों से पहले सोना 2,750 डॉलर प्रति औंस से थोड़ा नीचे आ गया। फेड गवर्नर क्रिस्टोफर वालर ने गुरुवार को कहा कि यदि आर्थिक आंकड़े कमजोर होते रहे तो केंद्रीय बैंक इस वर्ष तीन या चार बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, जिससे ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के प्रति आशावाद और बढ़ गया है, इससे धातु को समर्थन मिला है। इसके अतिरिक्त, कॉमेक्स चांदी वायदा एशियाई बाजार में 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 31.26 डॉलर प्रति औंस पर बोला गया। इसके अलावा, कमोडिटी विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्यापार नीतियों और टैरिफ योजनाओं से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण सुरक्षित-संपत्ति के लिए नुकसान सीमित करने में मदद मिलेगी।

## खास खबर

### शिव नाडर यूनिवर्सिटी चेन्नई में इंटीग्रेटेड लॉ प्रोग्राम के लिए एडमिशन शुरू हुए

**भोपाल।** शिव नाडर यूनिवर्सिटी चेन्नई ने वर्ष 2024 में शिव नाडर स्कूल ऑफ लॉ की स्थापना की थी, और अब वह शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए इंटीग्रेटेड बी.ए., एल.एल.बी. प्रोग्राम के दूसरे बैच के लिए आवेदन आमंत्रित कर रही है। यह प्रोग्राम कानून में नैतिक, वैश्विक योग्यता रखने वाले और सामाजिक दायित्व समझने वाले प्रोफेशनल्स के विकास पर केंद्रित है। इसमें एक बेहतरीन कला प्रोग्राम के साथ विशिष्ट कानून शिक्षण पद्धति शामिल है जो विशेष कानूनी कौशल पर जोर देती है। शिव नाडर फाउंडेशन का विजन भारत में कानूनी शिक्षा को एक नई परिभाषा देने का था, जिसके तहत शिव नाडर स्कूल ऑफ लॉ की स्थापना की गई थी। यह प्रोग्राम आलोचनात्मक सोच, विश्लेषणात्मक कौशल, और कानूनी मुद्दों पर वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए तैयार किया गया है, ताकि छात्र वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हों सके। व्यावहारिक समझ को बेहतर करने के लिए, 20 प्रतिशत अध्यापक में प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कानूनी विशेषज्ञ शामिल हैं, जो कक्षा में वास्तविक दुनिया की अंतर्दृष्टि को साझा करते हैं।

SHIV NADAR — FOUNDATION —

इस अवसर पर डीन और प्रोफेसर शिव स्वामीनाथन ने इस प्रोग्राम के परिवर्तन लाने वाले लक्ष्यों को उजागर करते हुए बताया कि, हमारी विश्व स्तरीय अध्यापक जो ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज, हार्वर्ड, प्रिंसटन, येल जैसी विश्व की अग्रणी यूनिवर्सिटी से ली गई है, और इसी वजह से शिव नाडर स्कूल ऑफ लॉ बाकी सभी से बेहतर है।

### स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने संचालन बढ़ाने के लिए 0.71 बिलियन रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (511700), जो एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, ने 17 दिसंबर 2024 की अपनी पिछली प्रेस विज्ञप्ति के संदर्भ में, अपने संचालन को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 0.71 बिलियन रुपये का निवेश करने की घोषणा की है। यह निवेश पहले किए गए 1.3 बिलियन रुपये के निवेश के पूरक के रूप में आया है।

यह निवेश कंपनी की रणनीतिक पहलों का हिस्सा है, जो 5 बिलियन रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के सफल इशू के बाद किया गया है। कंपनी ने प्रभावी रूप से 2.01 बिलियन रुपये जुटाए और आवंटित किए हैं, ताकि अपने परिचालनों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया जा सके। इस निवेश का मुख्य फोकस परिचालन कुशलता को बढ़ाने, क्षमता को बढ़ाने और कंपनी की समग्र विकास दिशा में समर्थन करना है। स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड के प्रबंधन ने कहा, इन एनसीडी की सफल इशू करना हमारे व्यापार मॉडल और विकास की संभावनाओं में निवेशकों के मजबूत विश्वास की पुनर्पुष्टि करता है।

हमारे संचालन की दिशा में 0.71 बिलियन रुपये का निवेश परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और हमारी बाजार स्थिति को सुदृढ़ करने के हमारे प्रतिबद्धता के अनुरूप है। हमारा ध्यान हमारे शेयरधारकों और ग्राहकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य उत्पन्न करने पर केंद्रित है। परिचालन सुधारों के अलावा, एनसीडी की जारी से प्राप्त शेष धनराशि को विभिन्न रणनीतिक पहलों के लिए आवंटित किया जाएगा, जिसमें विस्तार के प्रयास, कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएँ और मौजूदा दायित्वों का कम करना शामिल है।

# भारत में हेलीकॉप्टर फैसिलिटी बनाने जा रही है एयरबस



- **इसके लिए कंपनी ने टाटा ग्रुप के साथ हाथ मिलाया है**
- **यूपी सहित चार लोकेशंस को शॉर्टलिस्ट किया गया है**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूपी को एक बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और यूरोप की दिग्गज कंपनी एयरबस ने भारत में सिंगल इंजन वाले H125 हेलीकॉप्टर बनाने के लिए पिछले साल जुलाई में एक डील की थी। भारत में पहली बार कोई निजी कंपनी अपनी हेलीकॉप्टर एसेंबली फैसिलटी बना रही है। हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक एयरबस हेलीकॉप्टर ने इसके लिए चार लोकेशन को शॉर्टलिस्ट किया है। इसमें एक लोकेशन उत्तर प्रदेश में भी है। यूपी के अलावा गुजरात, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में भी लोकेशन का एसेसमेंट किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि फाइनल लोकेशन के बारे में जल्दी ही घोषणा की जा सकती है। माना जा रहा है कि इस फैसिलिटी से अगले साल पहला हेलीकॉप्टर बनकर तैयार हो जाएगा।

पिछले साल जनवरी में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के दौरान इस डील की घोषणा हुई थी। माना जा रहा है कि शुरुआत में इस फैसिलिटी में सालाना 10 हेलीकॉप्टर बनाए जाएंगे और बाद में ऑर्डर के मुताबिक प्रोडक्शन बढ़ाया जा सकता है। भारत और एशिया में अगले 20 साल में 500 हल्के हेलीकॉप्टर की डिमांड आ सकती है। H125 दुनिया का बेस्ट सेलिंग सिंगल इंजन हेलीकॉप्टर है। यह किसी भी तरह के मौसम में उड़ान भरने में सक्षम है और कई तरह के काम कर सकता है। इनमें एरियल वर्क, फायरफाइटिंग, लॉ एनफोर्समेंट, रेस्क्यू, एयर एंबुलेंस, पैसेंजर ट्रांसपोर्ट और कई दूसरे काम शामिल हैं।

### मिलिट्री एयरक्राफ्ट

टाटा और एयरबस पहले से ही भारत में मिलिट्री एयरक्राफ्ट बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के राष्ट्रपति ने पिछले साल अक्टूबर में गुजरात के वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया था।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने ईवी फाइनेंसिंग के लिये कोटक महिन्द्रा प्राइम के साथ की भागीदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोटक महिन्द्रा प्राइम लिमिटेड (केएमपीएल) उन पहले प्रमुख ऑटो फाइनेंसर्स में से एक है, जो ईवी ग्राहकों के लिये जेएसडब्ल्यू एमजी इंडिया के बीएएएस ऑनरशिप प्रोग्राम को सपोर्ट कर रहे हैं केएमपीएल का व्यापक नेटवर्क ईवी ग्राहकों के बीच बीएएएस प्रोग्राम को अपनाने को बढ़ावा देने में सहायक होगा। गुरुग्राम, एजेंसी। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड (केएमपीएल) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत ईवी ग्राहकों को कंपनी के इनोवेटिव बैटरी-एज-अ-सर्विस (बीएएएस) ओनरशिप प्रोग्राम के लिए वित्तीय समाधान उपलब्ध कराए जाएंगे।

# किआ इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में पेश की नई ईवी6

### नवाचारों की प्रेरक दुनिया का किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में किआ इंडिया ने अपनी नई ईवी6 का अनावरण किया। कंपनी ने घोषणा की है कि इस इलेक्ट्रिक वाहन की बुकिंग आज से शुरू हो गई है। यह वाहन किआ की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा का एक और महत्वपूर्ण कदम है। नई किआ ईवी6 सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। यह वाहन कंपनी के एडीएएस 2.0 पैकेज से लैस है, जिसमें 27 उन्नत सुरक्षा और ड्राइवर असिस्टेंस फीचर्स शामिल हैं। पिछले मॉडल की तुलना में इसमें 5 नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जो इसे और भी बेहतर बनाती हैं। नई किआ ईवी6 में ये उन्नत सुरक्षा फीचर्स दिए गए हैं- इनमें फ्रंट कोलिजन अवॉइडेंस असिस्ट शहर, पैदल यात्री, साइकिल चालक और जंक्शन टर्निंग के लिए; फॉरवर्ड कोलिजन अवॉइडेंस जंक्शन क्रॉसिंग और लेन चेंज असिस्ट के साथ, लेन फॉलो असिस्ट (- वाहन को लेन में बनाए रखने के लिए, इवेसिव स्टीयरिंग असिस्ट- टक्कर से बचने के लिए शामिल हैं। ये सभी फीचर्स कंपनी के प्रमुख मॉडल ईवी9 से प्रेरित हैं और टक्कर सुरक्षा, संरचनात्मक मजबूती, और यात्रियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाते हैं। किआ की फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक एसयूवी ईवी9 ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में तकनीक और नवाचार के नए मानक स्थापित कर रही है।

# गांव से निकला होनहार भारतीय अमेरिका में छा गया, अब अरबों का साम्राज्य



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के एक छोटे से गांव पनोह से निकले जय चौधरी आज अमेरिका के सबसे अमीर भारतीयों में शुमार हैं। कभी बिना बिजली और पानी के गुजारा करने वाले जय चौधरी की आज 11.7 अरब डॉलर (करीब 1,01,300 करोड़ रुपये) की संपत्ति है। आईआईटी-बीएचयू से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री हासिल करने के बाद 1980 में वह अमेरिका चले गए। वहां उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ सिनसिनाटी से इंजीनियरिंग और मार्केटिंग में मास्टर डिग्री हासिल की। वह साइबर सिक्योरिटी कंपनी ज़्स्केलर के फाउंडर हैं। इसने उन्हें अरबपति बना दिया। उनकी सफलता कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का जीता-जागता उदाहरण है। आइए, यहां जय चौधरी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### गरीबी में बीता बचपन

जय चौधरी का बचपन बेहद गरीबी में बीता। 8वीं कक्षा तक उन्होंने गांव में पढ़ाई की थी। हिमालय की गोद में बसे उनके गांव पनोह में बिजली नहीं थी। 10वीं क्लास तक उनके गांव में साफ पेयजल की आपूर्ति की सुविधा भी नहीं थी। छोटे किसान परिवार में जन्मे जय तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। मुश्किल हालातों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और शिक्षा के महत्व को समझा। आईआईटी-बीएचयू से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद बेहतर भविष्य की तलाश में 1980 में वह अमेरिका चले गए।

## आईआईएम संबलपुर ने ड्युअल डिग्री के विकल्प के साथ अपने दिल्ली कैंपस में बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए प्रोग्राम शुरू किया

### बिजनेस एनालिटिक्स में ड्युअल डिग्री एमबीए के लिए आईआईएम संबलपुर ने एआईटी बैंकॉक के साथ किए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवीनता, सबके लिए समान अवसर और समग्रता के लिए प्रतिष्ठित और देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक आईआईएम संबलपुर ने अपने दिल्ली कैंपस में बिजनेस एनालिटिक्स में अपना पहला पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम शुरू किया है। वैध हाई सीएटी पर्सेन्टाइल और एक वर्ष के प्रासंगिक अनुभव के साथ एसटीईएम शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवार प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन कर सकते हैं। संस्थान ने छात्रों को ग्लोबल रूप से महत्वपूर्ण ड्युअल डिग्री पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी (एआईटी), थाईलैंड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पाठ्यक्रम में एमबीए और बिजनेस एनालिटिक्स दोनों की विशेषज्ञता को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय बात यह है कि एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के मास्टर्स इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) कार्यक्रम को थाईलैंड के टॉप एमबीए कार्यक्रमों में लगातार स्थान दिया जाता है। 2024 में, इस कार्यक्रम को क्यूएस ग्लोबल एमबीए रैंकिंग द्वारा एशिया में 23वां और वैश्विक स्तर पर टॉप 200 में स्थान दिया गया था। हाल ही लॉन्च किया गया कोर्स अत्याधुनिक विश्लेषणात्मक और तकनीकी दक्षताओं के साथ प्रबंधन शिक्षा प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य ऐसे पेशेवरों को तैयार करना है जो फ्यूचर रेडी हों और एआई डेटा-संचालित दुनिया में नेविगेट करने के लिए बिजनेस एनालिटिक्स में जटिल चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम हों। दोहरी डिग्री कार्यक्रम एसटीईएम एजुकेशन फ्रेमवर्क पर आधारित है जिसमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित विषयों को प्रबंधन सिद्धांतों के साथ पढ़ाया जाता है। यह इसे भारतीय बिजनेस स्कूलों में एक अनूठी पेशकश बनाता है। यह उन पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करता है जो व्यावसायिक संदर्भों में एडवांस्ड एनालिटिक्स, बिग डेटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का कुशलता से इस्तेमाल कर सकते हैं।

# ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने लॉन्च की नई ह्यूंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक

### 17 99 000रुपये की शुरुआती कीमत पर की गई लॉन्च




**गुरुग्राम, एजेंसी।** ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपनी नई ह्यूंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक को लॉन्च किया। इसे 17 99 000 रुपये की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया गया है। ह्यूंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक केलॉन्चसे बोल्ड डिजाइन, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, शानदार प्रदर्शन और ऑल अराउंड सेफ्टी फीचर्स के साथ इलेक्ट्रिक एसयूवी की ओर शिफ्ट होने का मौका मिलेगा। अनडिस्प्यूटेड, अल्टीमेट एसयूवी ष्ट्रश्वश्व अब इलेक्ट्रिक भी हो गई है। यह भारतीय ग्राहकों को टेक्नोलॉजी के मामले में एडवांस्ड प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने की ह्यूंडई की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

ह्यूंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक के लॉन्च के मौके पर एचएमआईएल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री उनसू किम ने कहा, 'ह्यूंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रिफिकेशन की दिशा में एचएमआईएल के सफर का एक अहम पड़ाव है। इस लॉन्चिंग भारत के सरकार के 'मेक इन इंडिया' विजन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है, क्योंकि यह भारत में हमारी पहली घरेलू ईवी एसयूवी है। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में वैश्विक स्तर पर एक दशक से ज्यादा की अपनी विशेषज्ञता के साथ ह्यूंडई मोटर कंपनी ने खुद को ईवी इनोवेशन के मामले में अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित किया है। अब उसी इनोवेशन एवं विशेषज्ञता को हम भारत में लेकर आए हैं, जिससे यहां के ईवी परिदृश्य में बदलाव होगा। । हमें भरोसा है कि ह्यूंडई क्रेटा इलेक्ट्रिकभारत की ईवी इंडस्ट्री में नए मानक स्थापित करेगी और इस सेगमेंट को तेजी से आगे बढ़ाने में सहायक होगी।'

**इलेक्ट्रिफाइड है ह्यूंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक का एक्सटीरियर-** ह्यूंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक का डिजाइन बोल्ड और फ्यूचरिस्टिक है, जो इसकी मौजूदगी को आधुनिकता का पर्याय बनाता है। ईवी के लिए ह्यूंडई के ग्लोबल पिक्सल डिजाइन लैंग्वेज से प्रेरित ह्यूंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक की खूबियां निम्नलिखित हैं-

### इलेक्ट्रिफाइड अपील

ह्यूंडई के ग्लोबल ईवी सिग्नेचर पिक्सल डिजाइन डीएनए को आगे बढ़ाते हुए ह्यूंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक के फ्रंट ग्रिल में पिक्सलेटेड ग्राफिक, इंटीग्रेटेड चार्जिंग पोर्ट और पिक्सलेटेड ग्राफिक लोअर बंपर दिया गया है। पिक्सलेटेड ग्राफिक रियर बंपर, एलईडी टेल लैंप्स और पिक्सलेटेड एलईडी रिवर्स लैंप्स के साथ इसका फ्यूचरिस्टिक रियर डिजाइन व्हीकल के फ्रंट के लिए कॉम्प्लिमेंट की तरह है। एक्टिव एयर फ्लैप्स (एएएफ) ह्यूंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक में एक्टिव एयर फ्लैप्स (एएएफ) दिए गए हैं, जिससे इसकी एनर्जी एफिशिएंसी को अधिकतम करने में मदद मिलती है। इनसे गाड़ी के पार्ट्स को ठंडा रखने और एयरोडायनामिक्स को बेहतर करने में भी मदद मिलती है।

# जी जी इंजीनियरिंग लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की नौ माही के लिए मजबूत आय की घोषणा की

### शुद्ध लाभ में 376 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी।** जी जी इंजीनियरिंग लिमिटेड (बीएसई- 540614), जो संरचनात्मक और इंजीनियरिंग उत्पाद उद्योग में अग्रणी है, ने 16 जनवरी 2025 को आयोजित अपने बोर्ड बैठक में 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए कंपनी के बिना ऑडिट के वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी है। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हुए नौ महीनों के दौरान, परिचालन से राजस्व में 70.70 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 की नो माही में 13,568.40 लाख रुपये से वित्त वर्ष 2025 की नो माही में 23,161.72 लाख रुपये तक पहुंच गया। एबिटा में 325.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्तवर्ष 2024 की नो माही में 273.42 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की नो माही में 1164.36 लाख रुपये हो गया। एबिटा मार्जिन वित्तवर्ष 2024 में 1.98 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की नो माही में 4.96 प्रतिशत तक पहुंच गया, जिसमें 298 बीपीएस की वृद्धि हुई। शुद्ध लाभ में 376.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्तवर्ष 2024 में 163.44 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की नो माही में 778.57 लाख रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025 की नो माही में शुद्ध लाभ मार्जिन में 213 बीपीएस का सुधार हुआ। 2006 में स्थापित, जी जी इंजीनियरिंग लिमिटेड (बीएसई- 540614) ने श्रेष्ठ संरचनात्मक स्टील और इंजीनियरिंग उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। गुणवत्ता और सटीकता पर मजबूत ध्यान केंद्रित करते हुए, कंपनी ने उद्योग में अपनी एक खास पहचान बनाई है। कंपनी के उत्पाद विभिन्न उद्योगों में विविध अनुप्रयोगों के लिए उपयोग किए जाते हैं, जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर, निर्माण, मेगा परियोजनाएं, आधुनिक भवन, और उन्नत आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाएं। कंपनी की दृष्टि अपने उत्पादों और प्रथाओं के माध्यम से एक अधिक साहसी और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार भविष्य बनाने में निहित है।

GG ENGINEERING LIMITED

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित

## रोहित शर्मा करेंगे टीम की अगुवाई

## शुभमन गिल बनाए गए उपकप्तान



**मुंबई।** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की 15-सदस्यीय टीम का एलान हो गया है। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सिलेक्टर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम का एलान किया। रोहित टीम के कप्तान बने रहेंगे, वहीं शुभमन गिल को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। यह भारतीय टीम 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ मैच से अपने चैंपियंस ट्रॉफी अभियान की शुरुआत करेगी। टीम इंडिया के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने टीम का एलान किया, लेकिन मोहम्मद सिराज को स्क्वाड में जगह ना मिलना चौंकाने वाला विषय रहा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में दमदार प्रदर्शन करने वाले नितीश कुमार रेड्डी को टीम में शामिल नहीं किया गया है। करुण नायर भी खूब चर्चाओं में बने रहे, जो विजय हजारे ट्रॉफी में 8 मैचों में 752 रन बना चुके हैं, उन्हें भी वापसी का अवसर नहीं दिया गया है। अजीत अगरकर ने यह भी बताया कि जसप्रीत बुमराह अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं, इसलिए उनकी जगह इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में हर्षित राणा को मौका दिया जा रहा है। बल्लेबाजी का भार रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत पर होगा। जायसवाल को बैकअप ओपनिंग बल्लेबाज के तौर पर इस्तेमाल किए जाने की अटकलें थीं। चूंकि उन्हें 15 सदस्यीय स्क्वाड में जगह मिली है, इसलिए यह देखने योग्य बात होगी कि उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में अपना वनडे डेब्यू करने का मौका मिलता है या नहीं। टी-20 मैचों में निरंतर बढ़िया प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप सिंह की वनडे टीम में वापसी होने वाली है। उन्होंने दिसंबर 2023 में आखिरी बार भारत के लिए कोई आखिरी वनडे मैच खेला था। वहीं गेंदबाजी की कमान मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह संभालेंगे।



### आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 शेड्यूल

| | |
|---|---|
| 19 फरवरी | पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड |
| 20 फरवरी | भारत बनाम बांग्लादेश |
| 21 फरवरी | अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका |
| 22 फरवरी | ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड |
| 23 फरवरी | भारत बनाम पाकिस्तान |
| 24 फरवरी | बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड |
| 25 फरवरी | ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका |
| 26 फरवरी | अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड |
| 27 फरवरी | पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश |
| 28 फरवरी | ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान |
| 1 मार्च | इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका |
| 2 मार्च | भारत बनाम न्यूजीलैंड |
| 4 मार्च | सेमीफाइनल 1 बनाम सेमीफाइनल |
| 5 मार्च | सेमीफाइनल 2 बनाम सेमीफाइनल |
| 9 मार्च | फाइनल (सभी मैच दोपहर अढ़ाई बजे शुरू होंगे।) |

### कौन-कौन खिलाड़ी टीम में नहीं है

संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, ईशान किशन, शार्दुल ठाकुर टीम में नहीं है। शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत का स्क्वाड

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा

# ऋषभ पंत ने अपने फैसले से दुनिया को किया हैरान



**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी में अगले चरण के मैच 23 जनवरी से शुरू होने वाले हैं। यह तय हो गया है कि ऋषभ पंत अब दिल्ली के लिए डोमेस्टिक मैच खेलते दिखेंगे, जिसका सामना अगली भिड़ंत में सौराष्ट्र से होना है। बीते शुक्रवार, 17 जनवरी को DDCA के अधिकारियों की बैठक हुई थी, जिसके बाद घोषणा कर दी गई कि ऋषभ पंत ने दिल्ली टीम की कप्तानी करने का ऑफर ठुकरा दिया है। पंत ने खुद से कहीं युवा आयुष बदोनी को ही कप्तान बनाए रखने की बात कही। यह किसी मिसाल से कम नहीं कि किसी सीनियर खिलाड़ी ने खुद से युवा खिलाड़ी को कप्तान बनाए रखने का समर्थन किया है। यह पिछले 7 साल में पहली बार होगा जब ऋषभ पंत कोई रणजी मैच खेल रहे होंगे। रिपोर्ट्स अनुसार पंत ने इस कारण कप्तानी को ठुकराया है क्योंकि वो दिल्ली टीम का नियमित हिस्सा नहीं हैं और उनके लिए मैनेजमेंट को कोई बदलाव की जरूरत नहीं है। बता दें कि पंत अपने करियर में 5 टी20 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके हैं, इसके अलावा उन्हें IPL में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करने का खूब सारा अनुभव प्राप्त है। डीडीसीए सौराष्ट्र के खिलाफ मैच में उनके अनुभव का फायदा उठाना चाहता था, लेकिन पंत ने कप्तानी के ऑफर को ठुकरा दिया है। ऋषभ पंत ने रणजी ट्रॉफी में अब तक कुल 15 मैच खेले हैं, जिनकी 21 पारियों में उनके नाम 1,287 रन हैं। वो रणजी ट्रॉफी में 61.29 के औसत से रन बनाते आए हैं और अब तक 4 शतक जड़ने के अलावा तीन अर्धशतकीय पारी भी खेल चुके हैं। रणजी ट्रॉफी में अभी 25 वर्षीय आयुष बदोनी दिल्ली टीम की कप्तानी कर रहे हैं। कप्तान के तौर पर उनका अब तक का प्रदर्शन काफी बढ़िया रहा है क्योंकि उनके अंडर दिल्ली ने 9 मैचों में से सात जीते हैं। मौजूदा सीजन में दिल्ली को ग्रुप डी में रखा गया है और पॉइंट्स टेबल में वह अभी चौथे स्थान पर विराजमान है। बदोनी के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर नजर डालें तो उन्होंने रणजी ट्रॉफी 2024-25 में अब तक चार पारियों में 296 रन बनाए हैं। रणजी ट्रॉफी में अभी 25 वर्षीय आयुष बदोनी दिल्ली टीम की कप्तानी कर रहे हैं. कप्तान के तौर पर उनका अब तक का प्रदर्शन काफी बढ़िया रहा है क्योंकि उनके अंडर दिल्ली ने 9 मैचों में से सात जीते हैं। मौजूदा सीजन में दिल्ली को ग्रुप डी में रखा गया है और पॉइंट्स टेबल में वह अभी चौथे स्थान पर विराजमान है। बदोनी के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर नजर डालें तो उन्होंने रणजी ट्रॉफी 2024-25 में अब तक चार पारियों में 296 रन बनाए हैं।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज खिलाड़ी डेनिस लॉ का निधन



**नई दिल्ली।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज और बैलन डी ओर विजेता डेनिस लॉ का 84 साल की उम्र में निधन हो गया है, प्रीमियर लीग क्लब ने इसकी घोषणा की। लॉ ने 2021 में खुलासा किया था कि वह अल्जाइमर और वैस्कुलर डिमेंशिया से जूझ रहे थे। हडर्सफ़ील्ड टाउन के साथ अपने करियर की शुरुआत करने वाले लॉ ने यूनाइटेड में अपना नाम बनाया। स्कॉटिश दिग्गज ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए 11 साल तक खेला और 1965 और 1967 में लीग खिताब और 1968 में यूरोपीय कप जीता। वेन रूनी (253) और सर बॉबी चार्लटन (245) के बाद लॉ के नाम यूनाइटेड के लिए तीसरे सबसे ज़्यादा गोल हैं। उन्होंने 404 मैचों में क्लब के लिए 237 गोल किए हैं। चार्लटन और जॉर्ज बेस्ट के साथ, लॉ ने अब तक की सबसे खतरनाक फुटबॉल साझेदारी बनाई, जिसे मैनचेस्टर यूनाइटेड के प्रशंसकों ने प्यार से 'होली ट्रिनिटी' का नाम दिया। लॉ स्कॉटलैंड के एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने बैलन डी'ओर और यूरोपियन प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीते हैं। लॉ के परिवार ने यूनाइटेड द्वारा साझा किए गए एक पारिवारिक बयान में कहा, 'बहुत भारी मन से हम आपको बता रहे हैं कि हमारे पिता डेनिस लॉ का दुखद निधन हो गया है। उन्होंने एक कठिन लड़ाई लड़ी, लेकिन आखिरकार, अब वे शांति से हैं'। 'हम उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहते हैं जिन्होंने अतीत में और हाल ही में उनकी भलाई और देखभाल में योगदान दिया।

# सिंधु इंडिया ओपन 2025 से बाहर



**नई दिल्ली।** पीवी सिंधु घरेलू धरती पर इंडिया ओपन 2025 के अंतिम आठ से बाहर हो गई हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता शटलर को इंडोनेशियाई की प्रतिद्वंद्वी ग्रेगोरिया मारिसा से हार मिली है। सिंधु के खिलाफ मैच का परिणाम 9-21, 21-19, 17-21 रहा, जिसके चलते उन्हें क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ गया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में उनका अभियान खत्म हो गया है। विश्व की पांचवें नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ सिंधु का मुकाबला एक घंटे से अधिक समय तक चला। हैदराबादी शटलर आज पहले गेम में टिक भी नहीं सकी. ओलंपिक कांस्य पदक विजेता इंडोनेशियाई शटलर ने पहला गेम 9-21 से जीत लिया। हालांकि, दूसरे गेम में सिंधु ने जवाबी हमला किया। वह 2-6 से पीछे होने के बावजूद ब्रेक तक 11-10 से आगे थीं। भारतीय बैडमिंटन की पोस्टर गर्ल ने अपने शक्तिशाली स्मैश और आक्रामक रवैये का इस्तेमाल करते हुए दूसरे गेम में 14-10 की बढ़त बना ली। हालांकि, सिंधु पीछे रह गईं और उनकी इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी ने उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद एक तनावपूर्ण संघर्ष करते हुए भारतीय शटलर ने दूसरा गेम 21-19 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। इसके साथ ही मैच तीसरे सेट तक पहुंच गया। सिंधु और उनकी प्रतिद्वंद्वी ने निर्णायक तीसरे सेट में कड़ी टक्कर दी और एक इंच भी पीछे हटने से इनकार कर दिया। पेरिस के कांस्य पदक विजेता ने 10-8 की बढ़त ले ली। लेकिन ब्रेक के बाद सिंधु ने बढ़त बनाई और ग्रेगोरिया पर दबाव बनाए रखा और 17-14 की बढ़त ले ली थी।

# मेलबर्न रेनेगेड्स की जीत से बिग बैश लीग की प्वाइंट्स टेबल रोमांचक



**नई दिल्ली।** मेलबर्न रेनेगेड्स ने ब्रिस्बेन हीट को हरा दिया है। ब्रिस्बेन हीट को 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, मेलबर्न रेनेगेड्स की जीत के बाद प्वॉइंट्स टेबल रोमांचक हो गया है। दरअसल अब तक 3 टीमें प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर चुकी हैं, लेकिन चौथी टीम का फैसला होना बाकी है। इस चौथे स्पॉट के लिए तकरीबन 5 टीमें दावेदारी पेश कर रही हैं। मेलबर्न रेनेगेड्स 10 मैचों में 8 प्वॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर काबिज है। जबकि पर्थ स्कोचर्स 9 मैचों में 6 प्वॉइंट्स के साथ आठवें पायदान पर है। इस तरह चौथे नंबर और आठवें नंबर की टीम में महज 2 प्वॉइंट्स का फासला है। वहीं, अब तक होबार्ट हरिकेन्स के अलावा सिडनी सिक्सर्स और सिडनी थंडर प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर चुकी हैं। होबार्ट हरिकेन्स के 9 मैचों में 15 प्वॉइंट्स हैं। यह टीम प्वॉइंट्स टेबल में टॉप पर काबिज है। इसके बाद सिडनी सिक्सर्स 10 मैचों में 14 प्वॉइंट्स के साथ दूसरे पायदान पर है। जबकि सिडनी थंडर 10 मैचों में 12 प्वॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर काबिज है। मेलबर्न रेनेगेड्स 10 मैचों में 8 प्वॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर है। इसके बाद मेलबर्न स्टार्स है। मेलबर्न स्टार्स के 9 मैचों में 8 प्वॉइंट्स हैं। इस तरह इन टीमों के बीच महज मामूली फासला है। अन्य टीमों की बात करें तो ब्रिस्बेन हीट 10 मैचों में 7 प्वॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर है। जबकि एडिलेड स्ट्राइकर्स 9 मैचों में 6 प्वॉइंट्स के साथ सातवें पायदान पर काबिज है।

# स्वियातेक आसान जीत से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में

## बालाजी-वरेला की जोड़ी हार के साथ बाहर





**मेलबर्न।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु पर आसान जीत के साथ शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के चौथे दौर में जगह बनाई। स्वियातेक ने मैच के अंतिम 11 गेम जीतकर अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन राडुकानु को 6-1, 6-0 से हराया। पिछले साल डोपिंग मामले के कारण एक महीने का निलंबन स्वीकार करने वाली स्वियातेक ने चार बार फ्रेंच ओपन और 2022 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हालांकि वह अभी तक सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई है। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, 'मैंने कुछ अच्छे शॉट लगाए और बाद में मैंने सोचा कि मैं इसी के लिए अभ्यास करती हूं। शुरू से ही मुझे लगा कि मैं अच्छा खेल रही हूं और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा।' आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो भी ओन्स जाबेउर को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गई हैं। नवारो ने 2024 की शुरुआत से अब तक डब्ल्यूटीए स्तर पर 30 तीन सेट वाले मैच खेले हैं, जो इस अवधि में किसी भी खिलाड़ी से सबसे अधिक हैं। इस बीच अमेरिका के 20 वर्षीय खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रूस के करेन खाचानोव को 6-3, 7-6 (5), 6-2 से हराकर पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। मिशेलसन ने पहले दौर में स्टेफानोस सितसिपास को हराया था। मिशेलसन ने मैच के बाद कहा, 'मैंने अविश्वसनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या हो रहा है। मैं बहुत खुश हूं। इसे बयां करने के लिए अभी मेरे पास बहुत शब्द नहीं हैं।' भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला शनिवार को यहां नूनो बोर्गेस और फ्रांसिस्को कैब्राल की पुर्तगाली जोड़ी से दूसरे दौर में हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल से बाहर हो गए। मेलबर्न पार्क में दो घंटे और नौ मिनट तक चले करीबी मुकाबले में बालाजी और वरेला की जोड़ी को 6-7 (7), 6-4, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। पहला सेट काफी रोमांचक रहा जो 56 मिनट तक चला। इस सेट में कोई भी जोड़ी सर्विस नहीं तोड़ पाई और मामला टाईब्रेकर में चला गया, जहां बोर्जेस और कैब्राल ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए जीत हासिल की। बालाजी और वरेला की जोड़ी ने दूसरे सेट में दमदार शुरुआत की और फिर और अपनी लय बरकरार रखते हुए इस सेट को अपने नाम करके मैच को बराबरी पर ला दिया।

# नेशनल गेम्स में उत्तराखंड को बड़ा झटका




**देहरादून।** 38वें नेशनल गेम्स से पहले उत्तराखंड को बड़ा झटका लगा है। रेस वॉक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह वही प्रतियोगिता है जिसमें उत्तराखंड का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहता है। इसी खेल में हाल में दो खिलाड़ी ओलंपिक गए थे और पिछले नेशनल गेम्स में भी गोल्ड मेडल आया था। उत्तराखंड में 28 जनवरी से शुरू होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों से पहले उत्तराखंड के खेल प्रेमियों को निराश करने वाली खबर आई है। दरअसल, 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए होने वाले एथलेटिक्स इवेंट में रेस वॉक इवेंट को रद्द कर दिया गया है। ये वही रेस वॉक इवेंट है। जिसमें उत्तराखंड के गोल्ड मेडलिस्ट सूरज पंवार और मानसी नेगी जैसे खिलाड़ी खेलते हैं। बता दें कि, रेस वॉक में ही पिछले गोवा नेशनल गेम्स में उत्तराखंड के सूरज पंवार को गोल्ड मेडल हासिल हुआ था। इससे पहले गुजरात में हुए नेशनल गेम्स में इसी वॉक में उत्तराखंड के तीन खिलाड़ी सूरज कुमार, मानसी नेगी और रेशमा ने मेडल जीते थे। अगस्त में हुए पेरिस ओलंपिक में उत्तराखंड से सूरज पंवार और परमजीत वॉक केवल इसी एथलेटिक इवेंट में ही तीन खिलाड़ी ओलंपिक गए थे। इसके अलावा एक और खिलाड़ी अंकित ध्यानी भी 5000 मीटर की दौड़ में ओलंपिक गए थे। उत्तराखंड में होने जा रहे नेशनल गेम्स में वॉक रेस रद्द होने को लेकर उत्तराखंड एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि रेस वॉक को नेशनल एथलेटिक फेडरेशन द्वारा रद्द किया गया है। हालांकि इससे उत्तराखंड को होने वाले नुकसान को लेकर किए गए सवाल का जवाब देते हुए संदीप शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा लगातार फेडरेशन से बातचीत की जा रही है। उन्होंने कहा कि रेस वॉक कैंसिल हो जाने से निश्चित तौर से उत्तराखंड को नेशनल गेम्स में बड़ा नुकसान होगा, क्योंकि इस खेल में उत्तराखंड का पोटेंशियल काफी ज्यादा है। एकमात्र यही इवेंट है जिसमें उत्तराखंड को मेडल हासिल करने की सबसे ज्यादा प्रबल संभावनाएं थीं, लेकिन आप यह कैंसिल कर दिया गया है।

# भारत नहीं बनेगा चैंपियंस ट्रॉफी का विजेता!

## पाकिस्तान को लेकर आमिर ने की भविष्यवाणी



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 19 फरवरी से शुरू होगा, जिसका फाइनल 9 मार्च को खेला जाएगा। यह क्रिकेट इतिहास में पहला मौका है जब पाकिस्तान ICC चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला है। हालांकि भारतीय टीम के लिए हाइब्रिड मॉडल लागू किया गया है, इसलिए उसके मैच दुबई में खेले जाएंगे। अब पाक टीम के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने भविष्यवाणी की है कि पाकिस्तान 2017 में जीते गए चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब को सफलतापूर्वक डिफेंड करने वाली है। पाकिस्तान टीम बहुत अच्छी लय के साथ चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट में उतरने वाली है। हाल ही में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में वनडे सीरीज में 2-1 से हराया था। उसके बाद पाक टीम ने दक्षिण अफ्रीका को उसके घर में वनडे सीरीज में 3-0 से हराया है। मोहम्मद आमिर कहते हैं कि वो अक्सर ICC टूर्नामेंट्स में भारत को जीत के प्रबल दावेदार के रूप में देखते हैं, लेकिन इस बार पाकिस्तान के काफी चांस दिख रहे हैं। मोहम्मद आमिर ने कहा, "पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को उन्हीं के घर में जाकर व्हाइट बॉल सीरीज में हराया है। मैं पाकिस्तान को जीत का दावेदार मानता हूं। मैं हमेशा से ICC इवेंट्स में भारत को जीत के प्रबल दावेदार के तौर पर देखता आया हूं क्योंकि वो बड़े टूर्नामेंट में अच्छा खेलते आए हैं। लेकिन मैं इतना कहना चाहूंगा कि टीम इंडिया का मनोबल अभी गिरा हुआ है, जिसके लिए उसकी आलोचना भी हुई है।" भारत और पाकिस्तान की चैंपियंस ट्रॉफी में पहली भिड़ंत साल 2004 में हुई, जिसमें पाक टीम 3 विकेट से विजयी रही थी। उसके बाद दोनों टीमों के बीच पांच मैच खेले गए हैं, जिनमें से तीन बार पाकिस्तान जीता है और दो बार टीम इंडिया ने बाजी मारी है। इस टूर्नामेंट में उनकी आखिरी भिड़ंत 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में हुई, जिसमें पाकिस्तान को 180 रनों की बंपर जीत मिली थी।

# लीजेंड 90 लीग की घोषणा : धवन-रैना तैयार



**रायपुर।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन, सुरेश रैना और न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर जैसे क्रिकेट दिग्गजों की बहुप्रतीक्षित लीजेंड 90 लीग 6 से 18 फरवरी तक रायपुर में खेली जाएगी। जिसमें पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरोन फिंच, श्रीलंका के पूर्व सलामी बल्लेबाज तिलकरत्ने दिलशान और मार्टिन गुप्टिल जैसे दिग्गज क्रिकेटर भाग लेंगे। टूर्नामेंट में छह टीमें छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, हरियाणा ग्लेडियेटर्स, दुबई जाइंट्स, गुजरात सैम्प आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज, रॉयल किंग्स पंजाब और राजस्थान किंग्स होंगी। 90 बॉल प्रति साइड के गतिशील प्रारूप वाली यह लीग क्रिकेट परिदृश्य में गेम-चेंजर बनने का वादा करती है। लीग की शुरुआत पर बोलते हुए लीजेंड 90 लीग के निदेशक शिवेन शर्मा ने कहा कि वे लीजेंड 90 लीग को लेकर रोमांचित हैं। इसमें कुछ महानतम क्रिकेट दिग्गजों को नए प्रारूप में पेश किया जाएगा। वैश्विक दिग्गजों की भागीदारी और 90-गेंद के अभिनव प्रारूप के साथ, हमें विश्वास है कि यह लीग दुनिया में एक नया मानक स्थापित करेगी। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के पास मार्टिन गुप्टिल, सुरेश रैना और अंबाती रायडू जैसे मार्की खिलाड़ी हैं, जबकि दिल्ली रॉयल्स के पास रॉस टेलर के साथ शिखर धवन हैं। हरियाणा ग्लेडियेटर्स के कप्तान हरभजन सिंह होंगे और वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो राजस्थान किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन दुबई जाइंट्स के लिए खेलेंगे। धवन, जो लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, मैदान पर वापस आकर बहुत खुश हैं। धवन ने कहा कि लगातार समर्थन के लिए मेरे प्रशंसकों को धन्यवाद। मैं आप सभी के साथ कुछ बड़ी खबरें साझा करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। लीजेंड 90 लीग के इस सीजन में, मैं दिल्ली रॉयल्स के लिए खेलूंगा। मैं अपनी शानदार फॉर्म को मैदान पर लाने और हर पल को यादगार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं। स्टार-स्टडेड लाइनअप के अलावा, लीग में मोइन अली और मार्टिन गुप्टिल जैसे महान क्रिकेट खिलाड़ी भी शामिल होंगे। अपने गतिशील प्रारूप और प्रतिष्ठित खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ, लीजेंड 90 लीग एक असाधारण खेल तमाशा पेश करने के लिए तैयार है।

# विजय हजारे ट्रॉफी फाइनल में स्मरण रविचंद्रन का शतक




**नई दिल्ली।** विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में कर्नाटक ने 67 रन पर 3 विकेट गंवाने के बाद स्मरण रविचंद्रन के शतक से मजबूत वापसी की और विदर्भ के खिलाफ पहले खेलते हुए 348 रन बना लिए। स्मरण रविचंद्रन का यह टूर्नामेंट में दूसरा शतक रहा। उन्होंने इससे पहले पुडुचेरी के खिलाफ भी नाबाद शतक लगाया था। 21 साल के स्मरण ने सेमीफाइनल मुकाबले में भी 94 गेंदों पर 76 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया था। बहरहाल, फाइनल में उन्होंने 92 गेंदों पर 7 चौके और तीन छक्कों की मदद से 101 रन बनाए। स्मरण के अलावा कृष्णन श्रीजीत ने 78 तो अभिनव मनोहर ने 79 रन बनाए। स्मरण ने 2023-24 के घरेलू सत्र की शुरुआत की, जिससे कर्नाटक को अपना पहला सीके नायडू ट्रॉफी (अंडर-23 टूर्नामेंट) जीतने में मदद मिली। उक्त टूर्नामेंट में उन्होंने 829 रन बनाए, जिसमें उत्तर प्रदेश के खिलाफ 134 गेंदों में शतक भी शामिल था। स्मरण ने कहा बीते दिनों एक इंटरव्यू में कहा था कि मेरी मानसिकता हमेशा से गेंदबाजी इकाई को चुनौती देने की रही है। जब आप बल्लेबाजी करने जाते हैं तो अलग-अलग परिस्थितियां होती हैं। आपको विकेट, गेंदबाज़ और टीम की स्थिति का आकलन करना होता है। मुझे पता है कि एक बार जम जाने के बाद मैं बल्लेबाजी कर सकता हूं।

# बिजनेस वुमन बनना चाहती हैं?



आज के बदलते समय में कई महिलाएं नौकरी करने से ज्यादा बिजनेस करने के बारे में सोचती हैं। कई महिलाओं ने बिजनेस क्षेत्र में कदम रखकर अपनी ताकत भी साबित की है। आप भी बिजनेस वुमन बनने के बारे में सोच रही हैं, तो उससे पहले कुछ बातों पर गौर करना जरूरी है। व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल नेतृत्व गुणों के आधार पर आप एक व्यवसायी महिला नहीं बन सकतीं।

### बिजनेस आइडिया स्पष्ट रखें-

यदि आप एक सफल व्यवसायी महिला बनना चाहती हैं, तो आपको अपने व्यवसाय के बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण रखना होगा। कई बार हम दूसरों की सफलता से इतने प्रभावित हो जाते हैं कि वहीं बिजनेस शुरू करने का फैसला कर लेते हैं। इस पर विचार करना जरूरी है। इसके बाद एक और बात यह है कि यदि किसी को व्यवसाय में निवेश करने के लिए आवश्यक पूंजी, उसके जोखिम और बाजार के बारे में पर्याप्त जानकारी मिल जाए, तो किसी भी प्रकार के नुकसान की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है।

### छोटे पैमाने से करें शुरु

किसी व्यवसाय की सफलता इस बात पर निर्भर नहीं करती कि आप उसे कितने बड़े पैमाने पर शुरू करते हैं। इसलिए यदि आप व्यवसाय में नए हैं तो छोटे पैमाने पर अपना व्यवसाय शुरू करने पर विचार करें। क्योंकि, जब आप कम पूंजी निवेश करते हैं तो नुकसान भी कम होता है। समय के साथ आपको बिजनेस से जुड़े अनुभव मिलने लगते हैं, जो आपको बिजनेस वुमन बनाने में फायदेमंद साबित होते हैं।

### उधार लेने के लिए तैयार रहें -

यदि आप अपने व्यवसाय के लिए ऋण लेने जा रहे हैं, तो ऐसा करने से पहले विभिन्न बैंकों से जांच अवश्य कर लें। आपको किस बैंक में कितना ब्याज देना होगा इसकी पूरी जानकारी पहले ही नोट कर लें। इसके लिए आप चार्टर्ड अकाउंट की मदद ले सकते हैं।

### ब्रांडिंग और मार्केटिंग अनिवार्यताएं -

यदि आप अपने व्यवसाय में पहचान बनाना चाहते हैं और कॉर्पोरेट जगत में टिके रहना चाहते हैं, तो आपको अच्छे उत्पादों और अच्छी सेवा के साथ-साथ अपने व्यवसाय की ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

# मेकअप के आसान उपाय



वर्किंग वूमेन पर जिम्मेदारियां बहुत ज्यादा होती हैं। उन्हें ऑफिस के साथ-साथ घर के भी कामों पर भी ध्यान देने होता है। सुबह-सुबह इतना समय नहीं होता है कि आराम से तैयार हो पाएं। कपड़े पहनने के साथ ही आपको ब्रेकफास्ट भी करना होता है या फिर दूसरे कामों को करते हुए ऑफिस भी जाना होता है। ऐसे में कई महिलाएं मेकअप करने से भी बचती ही हैं, लेकिन इससे आप ऑफिस में नहीं लगती हैं, तो क्यों न बस 5 मिनट निकालकर फ्लॉलेस मेकअप किया जाए।

### फाउंडेशन के साथ सनस्क्रीन

पहले आपको स्किन पर फाउंडेशन के साथ सनस्क्रीन मिलाकर लगाना है। ये आपकी स्किन में थोड़ा लाइट के साथ धूप के नुकसानों से भी बचाने में भी मदद करेगा।

### जेल या क्रीम वाला फाउंडेशन

आप प्राइमर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन फाउंडेशन के साथ सनस्क्रीन मिलाकर लगाना ज्यादा सही है। कोशिश करें कि इसके लिए जेल या क्रीम वाला फाउंडेशन का इस्तेमाल करें।

### आई लाइनर

आई लाइनर से आंखों को बड़ा ही आकर्षक लुक मिलता है। इससे आंखों की खूबसूरती बढ़ जाती है और चेहरा काफी फ्रेश लगता है। आप काजल भी अप्लाई कर सकती हैं।

### लिपस्टिक

डार्क शेड की लिपस्टिक लगाने पर चेहरे को ग्लैमरस लुक मिलता है। आप न्यूड या पीच कलर की लिपस्टिक से क्लासी लुक भी पा सकती हैं।

### ब्लश एंड हेयर

चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने और मेकअप को बैलेंस करने के लिए लाइट कलर का ब्लश लगा सकती हैं। वहीं बालों को जल्दी- जल्दी में स्टाइल करना मुसीबत का काम लग रहा है तो इसे स्ट्रेट कर लें या फिर नीट बन बना लें।

# घर की किस दिशा में हो फव्वारा



घर की सजावट के लिए लोग कई चीजों का इस्तेमाल करते हैं। तरह-तरह के पौधे, शोपीस घर में रखते हैं, ताकि घर की सुंदरता बढ़े। इन्हीं चीजों में से एक है वाटर फाउंटेन या पानी का फव्वारा। सुंदरता बढ़ाने के लिए पानी का फव्वारा भी अच्छा ऑप्शन माना जाता है। इसे घर की सुंदरता भी बढ़ती है और इसे वास्तु शास्त्र में भी बहुत ही शुभ माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, पानी के फव्वारे को धन और संपत्ति को आकर्षित करने वाला माना जाता है, क्योंकि वाटर फाउंटेन जल तत्व से संबंधित होता है। ऐसे में यह आसपास की पॉजिटिव एनर्जी को बढ़ाता है।

### उत्तर या पूर्व दिशा

घर की उत्तर दिशा पानी का फव्वारा लगाने के लिए शुभ होती है। इसके अलावा ईशान कोण और पूर्व दिशा में भी इसे लगाना अच्छा माना जाता है, लेकिन कभी भी पानी का फव्वारा घर की दक्षिण, दक्षिण पूर्व या पश्चिम दिशा में नहीं रखना चाहिए। इससे घर परिवार में हमेशा परेशानियां रहती हैं।

### मुख्य द्वार के पास

पानी का फव्वारा घर के मुख्य द्वार के पास भी लगाना शुभ माना जाता है। इससे घर में नेगेटिव एनर्जी नहीं आती।

### यह जगह भी होती है शुभ

घर में पानी का फव्वारा रखने के लिए दाएं कोना भी अच्छा माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, इस कोने में पानी का फव्वारा होने से ब्रह्मांड की सारी ऊर्जा फव्वारे के साथ आपके घर में प्रवाहित होने लगेगी।

### बेडरुम में न लगाएं फव्वारा

वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेडरुम में पानी का फव्वारा नहीं लगाना चाहिए। फाउंटेन या पानी का फव्वारा रखने के लिए सबसे खराब जगह बेडरुम ही मानी जाती है। यहां पर पानी का फव्वारा लगने से रिश्तों में परेशानी होती है।

### किचन में न लगाएं फव्वारा

किचन में भी पानी का फव्वारा नहीं लगाना चाहिए, क्योंकि यह स्थान अग्नितत्व से जुड़ा होता है। ऐसे में यहां जल तत्व से जुड़ी चीजें भूलकर भी नहीं रखनी चाहिए।

### वाटर फाउंटेन घर में लगाने के फायदे

वाटर फाउंटेन से हमेशा पानी बहता रहता है। बहते हुए पानी को वास्तु शास्त्र में खुशी, प्रेम और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है।

वाटर फाउंटेन को सही स्थिति और दिशा में रखने से परिवार की आय भी बढ़ती है।

# सूखी खांसी से राहत पाने के नुस्खे



मौसम में बदलाव होना शुरु हो गया है। ठंडी हवाओं के कारण सर्दी-जुकाम जैसी स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती हैं। इसके अलावा इस मौसम में कुछ लोगों को सूखी खांसी भी हो जाती है। सूखी खांसी बहुत ही खतरनाक होती है, क्योंकि इसमें बलगम नहीं बनता है लेकिन खांसते हुए छाती में तकलीफ बहुत ज्यादा होती है। ऐसे में यदि आपको भी सूखी खांसी है, तो आज आपको कुछ ऐसी चीजें बताते हैं जिनका सेवन आप समस्या से राहत पाने के लिए कर सकते हैं। आइए जानते हैं।

### हल्दी वाला दूध

सूखी खांसी की समस्या से राहत पाने के लिए आप हल्दी वाला दूध पी सकते हैं। हल्दी में करक्यूमिन पाया जाता है, जिसके कारण हल्दी का रंग पीला होता है। करक्यूमिन में एंटीइंफ्लेमेटरी तत्व पाए जाते हैं। इसके अलावा दूध एक सूपरफूड के तौर पर जाना जाता है। ऐसे में हल्दी वाले दूध का सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और संक्रमण से लड़ने में भी मदद मिलती है।

### अदरक चाय

अदरक की चाय भी सूखी खांसी में बेहद लाभकारी साबित हो सकती है। अदरक में एंटीइंफ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियलर गुण पाए जाते हैं। सूखी खांसी होने पर आप अदरक से बनी चाय पी सकते हैं। अदरक काटकर उसका छोटा सा टुकड़ा अपने मुंह में रखें। इससे सर्दी-जुकाम जैसी समस्या में राहत मिलती है और सर्दी-जुकाम से जुड़े अन्य लक्षण भी कम होते हैं।

### खूब पानी पिएं

सूखी खांसी से छुटकारा पाने के लिए खूब सारा पानी पिएं। पानी पीने से शरीर के टॉक्सिन्स बाहर चले जाते हैं। टॉक्सिन्स बाहर निकलने से शरीर की इम्यूनिटी बेहतर होती है और शरीर अच्छी तरह से काम करती है। इस तरह सूखी खांसी ठीक होने लगेगी। ध्यान रखें कि इन दिनों हल्का गुनगुना पानी पिएं।

# पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करेगा अनानास!



अनानास बाहर से एक कांटेदार फल है। हालाँकि, इस फल का स्वाद अंदर से खट्टा-मीठा होता है। इसलिए बच्चों से लेकर बड़ों तक हर कोई इस फल को खाना पसंद करता है। इस फल से जूस भी बनाया जाता है। खासकर गर्मियों में इस फल की विशेष मांग रहती है। अनानास में विटामिन सी, विटामिन बी-6, मैंगनीज, तांबा, फोलेट और विभिन्न प्रकार के फाइबर होते हैं। इन पोषक तत्वों से हमारे स्वास्थ्य को कई फायदे होते हैं। आज हम अनानास के क्या स्वास्थ्य लाभ जानते हैं?

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है

अनानास विटामिन सी से भरपूर होता है। यह विटामिन सी आपके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है। परिणामस्वरूप, हमारे शरीर को विभिन्न प्रकार के संक्रमणों से लड़ने के लिए पर्याप्त ताकत मिलती है। इससे शरीर भी स्वस्थ रहता है। इसलिए अनानास को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

### पाचनशक्ति सुचारू रहती है

अनानास में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। ये फाइबर शरीर के पाचन को सुचारु रखने का काम करते हैं। ये फाइबर भोजन को ठीक से पचाने में मदद करते हैं। इसके साथ ही अनानास के सेवन से पेट की समस्याएं जैसे गैस, अपच, कब्ज आदि से छुटकारा मिलता है। जिन लोगों को पेट या पाचन संबंधी समस्या है। उन्हें अपने आहार में अनानास को शामिल करना चाहिए।

### दिल के लिए फायदेमंद

अनानास में पाए जाने वाले फाइबर और विटामिन सी की उच्च मात्रा आपके दिल को स्वस्थ रखने में मदद करती है। अनानास का सेवन करने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम हो सकता है। साथ ही हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्या से भी छुटकारा पाया जा सकता है। दिल के लिए फायदेमंद अनानास को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

### त्वचा के लिए फायदेमंद

अनानास में पाए जाने वाले विटामिन सी और अन्य पोषक तत्व त्वचा के स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसलिए अनानास काले दाग-धब्बे, पिंपल्स जैसी त्वचा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए उपयोगी है। अनानास का सेवन करने से त्वचा में चमक आती है।

स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम फायदेमंद होते हैं। संतुलित आहार में कई खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं। इन खाद्य पदार्थों में ताजे फल शामिल हैं। इन ताजे फलों में कई प्रकार के फल शामिल होते हैं। इन फलों में अनानास एक उष्णकटिबंधीय फल शामिल है।

# पालक पुलाव

आज तक आपने सब्जी, मीट या मटर के पुलाव के बारे में सुना होगा, पर क्या आपने कभी पालक का पुलाव खाया है? इसमें आपको सब्जियां दिखेंगी तो नहीं पर उसका पोष भरपूर मिलेगा। बच्चों के लिए खासकर के ये रेसिपी बेतरीन है, जो सब्जियां खाने में नाक- मुंह बनाते हैं। आइए आपको बताते हैं इस टेस्टी और पौष्टिक डिश की आसान रेसिपी..



**आवश्यक सामग्री:**

- ✓ बासमती चावल -1 कप भीगे हुए
- ✓ चना दाल (भीगे हुए) - 3/4 कप
- ✓ पालक कटी हुई- 1 कप
- ✓ प्याज बारीक कटी हुई- 1/2 कप
- ✓ टमाटर कटा हुआ- 1/2 कप
- ✓ जीरा- 1 छोटा चम्मच
- ✓ कसूरी मेथी- 1 छोटा चम्मच
- ✓ लौंग- 3-4
- ✓ काली मिर्च
- ✓ तेज पत्ता- 1
- ✓ लाल मिर्च- 1 छोटा चम्मच
- ✓ हल्दी पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- ✓ तेल- 1 बड़ा चम्मच
- ✓ गरम मसाल 1/2 चम्मच
- ✓ नमक स्वादानुसार

**बनाने की विधि:**

1. पैन में तेल गर्म करके तेजपत्ता, साबुत मसाले, कसूरी मेथी और जीरा तड़काएं। प्याज डालकर हल्का भूरा भूने।
2. हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, नमक, और गरम मसाला मिलाएं।
3. टमाटर मिलाकर कुछ मिनट पकने दें। मसाला तेल छोड़ दे, तो इसमें पालक और चना दाल मिलाए, 5-7 मिनट तक पकाएं।
4. जब पालक का रंग गहरा हो जाए तो चावल और ढाई कप पानी मिलाकर उबाल आने दें।ढक्कन लगाए और दो सीटी आने तक पकाएं।
5. तैयार है हेल्दी पालक पुलाव ।

# इन घरेलू नुस्खों से पाएं खूबसूरत लंबे बाल



अभी तो लड़के भी अपने हेयर केयर पर खास ध्यान देते हैं। लंबे घने बाल हर किसी की चाह होती है, इसके लिए वो कई महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी करते हैं। इन प्रोडक्ट्स को बनाने में कई हानिकारक केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है। लंबे समय तक केमिकल वाले शैंपू और ऑयल का इस्तेमाल करने से हेयर डैमेज की समस्या हो सकती है। इसकी जगह आप अगर नेचुरल तरीकों से बालों की देखभाल करते हैं तो आपके बाल लंबे समय तक शाइनी बने रहते हैं। इसके लिए आपको अपने डेली रुटीन में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। बालों को हेल्दी और शाइनी बनाए रखने के लिए आपको प्रॉपर केयर करने की जरूरत है। इसके साथ ही लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव और नेचुरल रेमेडीज़ से आप लंबे घने बाल पा सकते हैं।

### आंवला

आयुर्वेद में भी आंवला को बालों के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसमें विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। बालों को हेल्दी बनाए रखने के लिए आप डाइट में आंवला या आंवले के जूस को शामिल कर सकते हैं। इसके साथ ही आप बालों में आंवले का पेस्ट भी लगा सकते हैं।

### भृंगराज

भृंगराज को सारे जड़ी बूटियों का राजा कहा जाता है, ये बालों से जुड़ी हर समस्या का समाधान करने में कारगर माना जाता है। भृंगराज के तेल से हेयर ग्रोथ को दोगुना किया जा सकता है इसके साथ ये होयर फॉल रोकने में भी असरदार होता है। स्कैल्प को पोषण प्रदान करने के साथ ये ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने का भी काम करता है।

### मेथी (Fenugreek)

मेथी प्रोटीन और निकोटिनिक एसिड का रिच सोर्स माने जाते हैं जो हेयर ग्रोथ के लिए फायदेमंद होते हैं। मेथी को अपने डाइट में शामिल करने से आप बालों को डैमेज होने से बचा सकते हैं और बालों की खोई चमक भी वापस आ सकती है। आप हफ्ते में एक बार मेथी का पेस्ट बालों में जरूर लगाएं।

### नीम

नीम में एंटी बैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण पाए जाते हैं जिससे स्कैल्प को बेहतर बनाया जा सकता है। इसके साथ ही नीम के इस्तेमाल से आप डैंड्रफ के वजह से होनेवाली खुजली को भी कम कर सकते हैं।

# बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ स्किल्स भी सिखाएं



क्या आपको पता है कि सिर्फ किताबें ही सब कुछ नहीं होतीं? जी हाँ, बच्चों को कुछ और भी खास बातें सिखानी चाहिए जो उनके जीवन में बहुत काम आती हैं। टाइम मैनेजमेंट यानि समय को सही से इस्तेमाल करना, बच्चों के लिए बहुत अहम है। जब बच्चे इसे सीख जाते हैं, तो उनकी जिंदगी में सब कुछ आसान और सुव्यवस्थित हो जाता है।

- **टाइम मैनेजमेंट:** टाइम मैनेजमेंट यानि समय को सही से इस्तेमाल करना, बच्चों के लिए बहुत अहम है। ये सिखाता है कि कैसे अपने पढ़ाई, खेल और मस्ती के लिए सही समय निकालना है। जब बच्चे इसे सीख जाते हैं, तो उनकी जिंदगी में सब कुछ आसान और सुव्यवस्थित हो जाता है।
- **आत्म अनुशासन:** आत्म-अनुशासन का मतलब है खुद पर काबू रखना और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना। ये बच्चों को सिखाता है कि कैसे वे खुद के बॉस बनें और अपने कामों को खुद ही संभालें। जब बच्चे ये सीख जाते हैं, तो वे जिम्मेदार और खुद पर निर्भर हो जाते हैं।
- **आत्म अनुशासन:** आत्म-अनुशासन का मतलब है खुद पर काबू रखना और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना। ये बच्चों को सिखाता है कि कैसे वे खुद के बॉस बनें और अपने कामों को खुद ही संभालें। जब बच्चे ये सीख जाते हैं, तो वे जिम्मेदार और खुद पर निर्भर हो जाते हैं।
- **टीम वर्क:** टीम वर्क यानी साथ मिलकर काम करना, आज के समय में बहुत जरूरी है। जब बच्चे साथ में काम करते हैं, तो वे सीखते हैं कि कैसे दूसरों के साथ मिलजुल कर रहना है, कैसे बातचीत करनी है, और कैसे कभी-कभी अपनी बात छोड़कर दूसरों की बात माननी है।
- **टीम वर्क:** टीम वर्क यानी साथ मिलकर काम करना, आज के समय में बहुत जरूरी है। जब बच्चे साथ में काम करते हैं, तो वे सीखते हैं कि कैसे दूसरों के साथ मिलजुल कर रहना है, कैसे बातचीत करनी है, और कैसे कभी-कभी अपनी बात छोड़कर दूसरों की बात माननी है।
- **पैसे की अहमियत:** पैसे की अहमियत को समझना और अच्छे से इस्तेमाल करना, बच्चों को ये सिखाना जरूरी है, ताकि वे बड़े होकर अपने पैसों का ध्यान रख सकें और खुद का खर्चा चला सकें।
- **संवेदनशीलता और समझ:** बच्चों को दूसरों के लिए अच्छा सोचना और महसूस करना सिखाना जरूरी है। जब वे दूसरों की भावनाओं को समझते हैं और उनके साथ प्यार से पेश आते हैं, तो इससे वे अच्छे इंसान बनते हैं।



# रात को बाहर क्यों नहीं सुखाने चाहिए छोटे बच्चों के कपड़े?

परिवार में अकसर बड़े-बुजुर्ग छोटे बच्चों के कपड़े रात को बाहर सुखाने के लिए मना करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रात के समय में वातावरण में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो छोटे बच्चों के बाहर सूख रहे कपड़ों में भी प्रवेश करके उनकी सेहत को नुकसान पहुंच सकती है। वहीं बात अगर विज्ञान की करें तो साइंस भी छोटे बच्चों के कपड़े रात को बाहर सुखाने की सलाह नहीं देता है। आइए जानते हैं रात को आखिर क्यों नहीं बाहर सुखाने चाहिए छोटे बच्चों के कपड़े।



### धार्मिक कारण

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रात के समय नकारात्मक ऊर्जा अधिक प्रबल होती है, जो कपड़ों के जरिए छोटे बच्चों की सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है।

### क्या कहता है साइंस?

रात के समय ओस की वजह से कपड़े सूखने की जगह अधिक गीले हो जाते हैं। कपड़ों में मौजूद इस नमी की वजह से उन में कई तरह के बैक्टीरिया, वायरस और फंगस पनप सकते हैं। जो छोटे बच्चों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### स्किन एलर्जी

कपड़ों पर मौजूद नमी की वजह से रात में कई तरह के कीड़े, मच्छर और कीट कपड़ों पर बैठकर अपने अंडे और गंदगी छोड़ सकते हैं। जिससे बच्चे को स्किन एलर्जी या त्वचा से जुड़ी कोई समस्या भी हो सकती है।

### अच्छी तरह नहीं सूखते कपड़े

कपड़ों को प्रभावी ढंग से सूखने के लिए धूप और शुष्क मौसम की आवश्यकता होती है। दोपहर के समय कपड़ों को सुखाने के लिए ये दोनों ही चीजें आसानी से उपलब्ध होती हैं। जबकि रात के समय नमी की वजह से कपड़े देर से सूखते या हल्के गीले ही बने रहते हैं।

### गंदे हो सकते हैं कपड़े

कई बार रात को अचानक मौसम खराब होने की वजह से धूल, मिट्टी या बारिश की वजह से धुले हुए कपड़े गंदे होकर खराब हो जाते हैं। रात को सोते समय आप मौसम और कपड़ों का ध्यान नहीं रख सकते हैं। जबकि दोपहर में आप कपड़ों और मौसम, दोनों का ख्याल रख सकते हैं।

### गीले कपड़ों की बदबू से दिलाता है छुटकारा

सूर्य की पराबैंगनी किरणें गीले कपड़ों पर दुर्गंध और दाग पैदा करने वाले हानिकारक जीवाणुओं को मार देती है। बता दें, सूर्य की रोशनी से सूखे हुए कपड़ों में मशीन से ड्राई हुए कपड़ों की तुलना में सिलवटें भी कम होती हैं।

# जब 'सत्या' में उर्मिला ने पहनी 500 रुपये की साड़ी



**मनीष मल्होत्रा ने फोन कर क्यों लगाई डांट?**

कुछ दिनों पहले ही फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा की कल्ट गैंगस्टर फिल्म 'सत्या' के री-रिलीज से पहले स्क्रीनिंग हुई। स्क्रीनिंग के दौरान सितारों ने फिल्म को लेकर अपनी अपनी यादें साझा कीं। बातचीत के दौरान फिल्म में उर्मिला के लुक और साड़ियों को लेकर भी बात हुई।

### मनीष मल्होत्रा की पड़ी थी डांट

उर्मिला ने कहा कि ये बात कहने के बाद मुझे डांट भी पड़ी। उन्होंने बताया कि, 'इसके तुरंत बाद मुझे मनीष का कॉल आया कि तुमने 500 रुपये की साड़ी क्यों बोला, ये बोलना जरूरी था'। हालांकि, इसके बाद आज के समय पर सब नॉर्मल हो गया।

### उर्मिला ने साझा की याद

उर्मिला मातोंडकर ने फिल्म में अपनी साड़ियों को लेकर कहा कि मुझे याद है एक बार मुझे मनीष की डांट भी पड़ गई थी। रंगीला जैसी फिल्मों को करने करे बाद एक इंटरव्यू में मुझसे कहा कि आप बहुत अच्छी साड़ी पहनी। मैंने उससे कहा कि तुम लोग मेरे लुक्स और साड़ी से इतने प्रभावित क्यों हो, मैंने तो 500 रुपए की भी साड़ी पहनी है। हालांकि, मैंने ये बात ऐसे ही बस कह दी थी।

### 17 जनवरी को रिलीज हुई है फिल्म

गैंगस्टर फिल्म 'सत्या' 17 जनवरी को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। साल 1998 में पहली बार सिनेमाघरों में आई इस फिल्म ने अपनी कहानी और यादगार किरदारों के चलते लोगों का दिल जीत लिया।

# सुपरहीरो कैप्टन अमेरिका की शील्ड के साथ दिखे सलमान

**मार्वल्स के साथ क्या है दबंग का कनेक्शन?**



सलमान खान ने मार्वल्स शील्ड के साथ अपनी तस्वीर साझा की है। इसके साथ ही उन्होंने इस पोस्ट के साथ फैंस के लिए एक संदेह भी पीछे छोड़ दिया है। इसको लेकर फैंस के बीच चर्चा शुरु हो गई है।

### सोशल मीडिया पोस्ट पर किया खुलासा

उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'कुछ बड़ा बहुत बड़ा और हिरोइक करने की तैयारी शुरू...'। मार्वल्स जो कि एवेंजर सीरीज की फिल्मों के लिए जाना जाता है। इसके साथ अब सलमान खान जुड़ गए हैं, हालांकि यह साफ नहीं है कि उनका इस सीरीज के साथ क्या कनेक्शन है।

### क्या है सलमान और मार्वल्स का कनेक्शन

पोस्ट की मानें तो सलमान खान मार्वल्स के साथ काम करने जा रहे हैं। संभावना है कि वे मार्वल्स की फिल्म में अपनी आवाज देते नजर आ सकते हैं। सलमान इससे पहले फिल्म 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी वॉल्यूम 3' के हिंदी वर्जन में ग्रूट को अपनी आवाज दी। सलमान खान की आवाज के कारण इसे हिंदी वर्जन में काफी पसंद किया गया और मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा कलेक्शन किया।

### फैंस ने दिया ऐसा कनेक्शन

फैंस ने मार्वल्स और सलमान के फ्यूजन को एक साथ देखने के लिए अपनी उत्सुकता जाहिर की है। उन्होंने लिखा- भाई और मार्वल्स एक साथ। एक अन्य ने लिखा मार्वल्स की मूवी में भाई जान, हां हमें चाहिए।

# उर्वशी रौतेला को सैफ अली खान से क्यों मांगनी पड़ी माफी?



## नेटिजंस ने इस बात पर की थू-थू

सैफ अली खान पर हमले के बाद वह लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। 16 जनवरी की तड़के सुबह उनके घर में घुसकर एक अंजान शख्स ने एक्टर पर चाकू से हमला कर दिया, जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सैफ के साथ हुई इस घटना से जहां आम जनता से लेकर नेता और सेलेब्स तक हैरान हैं और एक्टर की तबीयत के बारे में जानना चाहते हैं, वहीं एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने ऐसा कुछ कर दिया जिसके चलते वह नेटिजंस के निशाने पर आ गई। वहीं अब उर्वशी अपनी उस हरकत के लिए शर्मिंदा हैं और उन्होंने एक्टर से माफी मांगी है।

### 'मैं बेहद शर्मिंदा हूं...'

उर्वशी रौतेला ने अपने पोस्ट में लिखा, 'मैं बहुत ज्यादा दुख के साथ और आपसे दिल से माफी मांगते हुए ये मैसेज लिख रही हूं, कि तब मुझे पता नहीं था कि आपके साथ क्या घटना हुई है। मुझे ये नहीं पता था कि ये मामला इतना गंभीर है। मुझे इस बात पर शर्म आ रही है कि मैं यहां अपनी फिल्म डाकू महाराज की सक्सेस का जश्न मना रही हूं और गिफ्ट ले रही हूं, इस पर दुखी होने के बजाय की आप किस दर्द में होंगे।'

### उर्वशी ने सैफ से मांगी माफी

एक तरफ जहां सभी सेलेब्स सैफ अली खान का हालचाल पूछ रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ उर्वशी रौतेला ने सोशल मीडिया के जरिए एक्टर से माफी मांगी है। उर्वशी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने सैफ अली खान से माफी मांगी है।

### 'सैफ को किसी भी तरह की मदद की जरूरत हो तो...'

एक्ट्रेस ने आगे अपनी पोस्ट में लिखा, 'मेरी मूर्खता और असंवेदनशीलता के लिए माफ करें, मुझे इस मामले की गंभीरता के बारे में पता चला तो मुझे बेहद दुख हुआ। मैं आपको सपोर्ट करना चाहती हूं और आपकी शालीनता की तारीफ करती हूं। आपकी इस स्ट्रेंथ के लिए मेरे मन में सम्मान है।' उन्होंने आगे अपने बेहिवियर के लिए दुख जताते हुए लिखा, 'मुझे अपने बर्ताव के लिए दुख है और अगर सैफ को किसी भी तरह की मदद की जरूरत हो तो वो उनसे बिना संकोच कह सकते हैं।' आखिरी में उन्होंने फिर से माफी मांगते हुए यह वादा किया कि वह आगे बेहतर करेंगी और भविष्य में समझदारी का परिचय देंगी।

# आज कल कहां हैं अबू सलेम की 'गर्लफ्रेंड' मोनिका



**प्यार में ऐसी डूबीं कि काटी जेल की सजा**

बॉलीवुड में एक समय पर बड़ी हीरोइनों में शुमार रहने वाली मोनिका बेदी आज अपना 49वां जन्मदिन मना रही हैं। मोनिका का जन्म 18 जनवरी 1975 को हुआ था। उनकी कई फिल्में हिट रही थीं। मोनिका का करियर जिस समय ऊंचाइयों पर था, उसी समय उनका नाम अंडरवर्ल्ड से जुड़ जाने की वजह से उनकी जिंदगी पूरी तरह से बदल गई। मोनिका बेदी और अंडरवर्ल्ड डॉन अबु सलेम की लव स्टोरी काफी चर्चा में रही थी। अबू सलेम के साथ अपने रिश्ते को लेकर मोनिका को जेल तक जाना पड़ा था।

### कातिल से हुआ इश्क

मोनिका बेदी का जन्म 18 जनवरी 1975 को चब्बेवाल में हुआ था। तेलुगू फिल्म 'ताजमहल' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली मोनिका ने बॉलीवुड में कदम सैफ अली खान के साथ रखा था। सैफ के साथ फिल्म 'सुरक्षा' करने के बाद से ही मोनिका की खूबसूरती के चर्चा इंडस्ट्री में होने लगे थे। जहां सब उम्मीद कर रहे थे कि मोनिका बॉलीवुड में एक लंबी पारी खेलेंगी, वहीं इसके उलट अभिनेत्री को एक कातिल से इश्क हो गया।

### आज कल क्या कर रही हैं मोनिका

जेल से छूटने के बाद मोनिका ने फिर अपना करियर शुरू किया। फिर वह साल 2008 में बिग बॉस 2 में नजर आईं। झलक दिखलाजा 3, रोमियो रांझा, सिरफिरे समेत कई प्रोजेक्ट में नजर आ चुकी हैं। साथ ही इंस्टाग्राम पर भी बराबर एक्टिव हैं। वहीं अबू सलेम आज भी उम्रकैद की सजा काट रहा है। मोनिका इन दिनों मुंबई में हैं और लाइमलाइट से दूर हैं। वे फिल्मों और शोज से दूर हैं। छोटे मोटे शोज और स्टेज शोज कर मोनिका कमाई कर रही है।

# अभी कितना लड़ेगा भाऊ!

## पुष्पा 2 के सिंहासन को हिलाना नामुमकिन

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जो धमाल मचाया है वो अभी तक के सिनेमा में किसी भी एक्टर के लिए करना मुश्किल होगा। फिल्म अपने सातवें हफ्ते में प्रवेश कर चुकी है लेकिन बमुश्किल इसका कलेक्शन डिगा हो।



### तीन साल में कम नहीं हुआ फिल्म का क्रेज

फिल्म का पहला पार्ट साल 2021 में पुष्पाः द राइज के नाम से आया था। फिल्म में रश्मिका मंदाना और अल्लू अर्जुन ने मुख्य किरदार निभाया था। वहीं तीन साल बाद तब अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना पुष्पाराज और श्रीवल्ली बनकर लौटे तो भी ऑडियंस ने उन्हें वहीं प्यार दिया। आमतौर पर ये देखा जाता है कि अगर कोई फिल्म का पहला पार्ट काफी ज्यादा सक्सेसफुल होता है तो उसके दूसरे पार्ट के हिट होने की उम्मीद बहुत ही कम होती है। लेकिन यहां पुष्पा 2 अपने से ही कॉम्पटीशन करती नजर आई।

### हफ्ते के अनुसार फिल्म का कितना रहा कलेक्शन

सप्ताह के अनुसार फिल्म के कलेक्शन पर ध्यान दें तो फिल्म सातवें हफ्ते में प्रवेश कर चुकी है। पहले हफ्ते में फिल्म ने 725 .8 करोड़, दूसरे हफ्ते में 264 .8 करोड़, तीसरे हफ्ते में 129 .5 करोड़, चौथे हफ्ते में 69 .65 करोड़, पांचवे हफ्ते में 25 .25 करोड़ का कलेक्शन और अब छठे हफ्ते में फिल्म ने 9 .7 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

### फिल्म के 44वें दिन का कलेक्शन

फिल्म के 44वें दिन के कलेक्शन की बात करें तो सैकनिल्क के अर्ली ट्रेंड्स के मुताबिक फिल्म 39 लाख के आसपास कलेक्शन कर सकती है। इस हिसाब से फिल्म का कुल कलेक्शन 1225 .09 करोड़ हो गया है। ये पहला हफ्ता जब फिल्म का कलेक्शन लाखों में आया हो। अभी तक 5 दिसंबर को रिलीज हुई फिल्म करोड़ो में कलेक्शन कर रही थी।



# 'मैं नफरत करती थी...'

## क्यों अपने पति को 6 महीने तक Gay समझती रहीं फराह खान, अब किया खुलासा

फराह खान इन दिनों अपने यूट्यूब ब्लॉग्स को लेकर ज्यादा चर्चा में हैं। फराह अपनी ऑडियंस को मजेदार कंटेंट परोसती हैं और लोग उनके ब्लॉग्स को काफी एंजॉय भी करते हैं। फराह ने साल 2004 में शिरीष कुंदर से शादी की थी। दोनों की मुलाकात मैं हूं ना के सेट पर हुई थी जिसमें शिरीष एडिटर का काम कर रहे थे।

### पहले शिरीष से नफरत करती थीं फराह

फराह ने बताया था कि उनका रिलेशन पॉजिटिव नोट पर शुरू नहीं हुआ था। फराह पहले शिरीष से नफरत करती थीं। अब अर्चना पूरन सिंह के यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में अपने पति के बारे में एक बड़ा ही अजीब खुलासा किया है। फराह ने बताया कि उन्हें लगता था उनका पति गे है। फराह ने कहा, 'मुझे पहले 6 महीने तक लगता रहा कि मेरा पति गे है।' फिर उनसे पूछा गया कि उन्हें ऐसा क्यों लगता था और ये सोच कैसे बदली? फराह ने कहा- पहले वो गुस्सा हो जाया करता था। जब वो गुस्सा होता था तो मुझे चिढ़ होती थी क्योंकि वो आदमी सिर्फ चुप रहता था। चुप रहना और कोई बात ना करना। उसके इस बर्ताव से मुझे टार्चर फील होता था। कभी सॉरी नहीं बोला। शिरीष ने 20 सालों में कभी मुझसे माफी नहीं मांगी। फराह ने आगे कहा कि उनके पति को लगता है कि वो कभी गलत होते ही नहीं हैं। अगर वो बात कर रहा है और मैं फोन में एक नजर देख लूं तो वो वहां से चला जाता है।

# 'जब वी मेट' के लिए करीना कपूर ने रखी थी शर्त

## इस एक्टर को निकलवाकर कराई थी शाहिद की एंट्री

17 साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'जब वी मेट' इम्तियाज अली की बेहतरीन फिल्मों में से एक मानी जाती है। फिल्म में गीत का किरदार करीना कपूर ने निभाया था, जिसे आज तक याद किया जाता है। साथ ही शाहिद कपूर की एक्टिंग काफी अच्छी थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म के लिए हीरो के तौर पर पहली पसंद शाहिद कपूर नहीं थे। इस बात का खुलासा इस एक्टर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान किया था।

### एक्टर को लगा था धक्का

शाहिद की जगह जो एक्टर आदित्य का रोल निभाने वाले थे उनका नाम है बॉबी देओल। दरअसल अभिनेता ने बातचीत में खुलासा किया था कि श्री अष्टविनायक नाम का स्टूडियो में उन्हें साइन करना चाहता था। इसके बाद एक्टर ने स्टूडियो को इम्तियाज अली का नाम सुझाते हुए कहा था कि उन्हें साइन कर लो उनके पास एक फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार है। इस पर प्रोड्यूसर्स ने ये कहते हुए मना कर दिया था कि वो काफी महंगी फिल्म बनाते हैं। वहीं करीना के मना करने के बाद बॉबी प्रीति जिंटा के पास गए थे मगर वो 6 महीने बाद ही शूट पर आ सकती थीं। इसके कुछ दिन बाद एक्टर को खबर मिली की अष्टविनायक स्टूडियो इम्तियाज अली को साइन कर लिया है और करीना फिल्म कर रही हैं।





# इन एक्ट्रेसेस पर चढ़ा मोहब्बत का रंग

प्यार एक खूबसूरत अहसास है, जो भी इसके रंग में रंगता है, उसकी जिंदगी बदल जाती है। इन दिनों ऐसे ही बदलाव कुछ बॉलीवुड एक्ट्रेसेस की जिंदगी में भी आ रहे हैं। कुछ यंग बॉलीवुड एक्ट्रेसेस रिलेशनशिप में होने को लेकर चर्चा में हैं। ये अलग बात है कि इन एक्ट्रेसेस ने अभी तक पब्लिकली अपने रिश्ते को स्वीकार नहीं किया है।

### दिशा पटानी

दिशा पटानी तो लंबे समय से रूमर्ड बॉयफ्रेंड एलेक्स-जेंडर के साथ पार्टी, वैकेशन में दिखती हैं। लेकिन दिशा ने भी अब तक अपने रिश्ते को मीडिया या फैंस के सामने एक्सेप्ट नहीं किया है।

### सुहाना खान

शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्तय नंदा के बीच एक नया रिश्ता बन रहा है। लंबे समय से यह अफवाह सुनने में आ रही है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन इस बारे में दोनों ने अभी तक खुलकर कुछ नहीं कहा है। हाल ही में उन्हें साथ देखा गया, दोनों एक पब्लिक प्लेस पर नजर आए। सुहाना भी बाकी हीरोइनों की राह चलते हुए, अपने रिश्ते को पब्लिकली एक्सेप्ट नहीं कर रही हैं।

**श्रद्धा कपूर :** कुछ दिन पहले सोशल मीडिया श्रद्धा कपूर का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उनके हाथ में जो मोबाइल था, उसके वॉलपेपर पर एक तस्वीर नजर आई। जब फैंस ने उस वीडियो के स्क्रीन शॉट लेकर जूम किया तो देखा कि उसमें श्रद्धा के साथ एक शख्स नजर आ रहा है। श्रद्धा कपूर के रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी की फोटो है। हाल ही में भी श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में एक फोटो शेयर की, जिसमें उन्होंने राहुल मोदी को भी टैग किया। साथ ही फोटो पर हार्ट इमोजी भी बना था। इस तरह श्रद्धा ने कहीं ना कहीं इनडायरेक्टली तो जता दिया है कि वह रिलेशनशिप में हैं लेकिन इस बात को एक्सेप्ट नहीं किया।



### कृति सेनन

कृति सेनन भी सोशल मीडिया पर कबीर बहिया को कुछ महीनों पहले जन्मदिन की बधाई दे चुकी हैं। साथ ही कृति ने कबीर के लिए मैसेज भी लिखा था। कृति लिखती हैं-'जन्मदिन मुबारक हो कबीर। आपकी मासूम मुस्कान हमेशा कायम रहे।' इसके अलावा उन्होंने रेड हार्ट वाला इमोजी भी अपने मैसेज के साथ लगाया। क्रिसमस पर भी कबीर के साथ कुछ फोटो अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में लगाई।





### तृप्ति डिमरी

तृप्ति डिमरी भी इंस्टाग्राम पर अपने वैकेशन के फोटो शेयर करती हैं और बिल्कुल वैसी ही तस्वीरें उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट भी इंस्टाग्राम पर शेयर करते हैं। हां, साथ में दोनों कभी फोटो नहीं डालते हैं। इस तरह तृप्ति भी रिलेशनशिप में होने के बावजूद भी अपने रिश्ते को दुनिया के सामने कबूल नहीं कर रही हैं।

# महाकुम्भ में संगम स्नान करना मेरा सौभाग्य: रक्षा मंत्री

## रक्षा मंत्री के साथ राज्य सभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने भी किया संगम में स्नान





**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** महाकुम्भ के महासम्मेलन में भाग लेने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रयागराज पहुंचे। बमरौली हवाई अड्डे पर उन्हें विधायक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने रिसीव किया। राजनाथ सिंह के साथ सांसद सुधांशु त्रिवेदी भी मौजूद रहे। प्रयागराज पहुंचकर रक्षा मंत्री ने सबसे पहले गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर, सनातन की जय, गंगा मैय्या की जय का उद्घोष किया। उन्होंने संगम तट से अक्षयवट, पातालपुरी और बड़े हनुमान जी का दर्शन कर, महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रक्षा मंत्री शाम को सेना के अधिकारियों के साथ महाकुम्भ की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग भी करेंगे।

महाकुम्भ के दिव्य अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मां गंगा के जल का आचमन कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और राष्ट्र की मंगलकामना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि आज प्रयागराज, संगम में मैंने स्नान किया। यह भारतीयता का आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महापर्व है। किसी पंथ, समुदाय या धर्म के साथ इसे जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। किसी को यदि भारत और भारतीयता को समझना है तो आकर महाकुंभ को देखिए। रक्षा मंत्री अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बमरौली हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर से डीपीएस ग्राउंड नैनी पहुंचे। नैनी के अरैल घाट से जेटी के जरिए संगम पहुंच कर स्नान किया। संगम से वीआईपी घाट पर उतर कर अक्षयवट कॉरीडोर में प्रयागराज के छत्र अक्षयवट का दर्शन पूजन किया। इसके बाद रक्षा मंत्री ने पातालपुरी मंदिर और सरस्वती कूप का भी दर्शन किया। वहां से निकल कर बड़े हनुमान जी का दर्शन कर मंदिर में विशेष पूजन अर्चन किया।मंदिर के पुजारी जी का हाल चाल लिया और महाकुम्भ के लिए की गई व्यवस्था के बारे में भी पूछा।

मंदिर में दर्शन पूजन कर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मेले का भ्रमण करते हुए सर्किट हाउस की ओर रवाना हुए। इस बीच साधु -संतों से मुलाकात के बाद रक्षा मंत्री महाकुम्भ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर में सेना के अधिकारियों से मीटिंग भी करेंगे। महाकुम्भ में आतंकी हमले की धमकी और बम मिलने की अफवाह के मुताबिक किए गये सुरक्षा इंतजामों की भी उन्होंने जानकारी ली।

## भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 :

## दुनिया के प्रमुख ऑटोमोटिव और मोबिलिटी दिग्गजों का भव्य संगम

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025, जो उद्योग संघों द्वारा आयोजित और वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा समर्थित है, मोबिलिटी इकोसिस्टम को समर्पित एक अनूठा संगम है। इस एक्सपो का आयोजन 17-22 जनवरी 2025 के बीच किया जाएगा, जिसमें नौ समवर्ती शो शामिल हैं ङ्क छह शो भारत मंडपम में, एक शो यशोभूमि में और दो शो इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में।

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन भारत मंडपम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित दो शो अर्बन मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर शो (यूएमआईएस) जिसमें अर्बन एयर मोबिलिटी पवेलियन शामिल है, और भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो (बीसीईई)- 19-22 जनवरी 2025 तक होंगे। ये शो इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल), इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया (ईईपीसी इंडिया), इंडियन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईसीईएमए) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इन दोनों शो का उद्घाटन 19 जनवरी 2025 को भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के सचिव श्री सुनील बार्थवाल द्वारा किया जाएगा।

अर्बन मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर शो शहरी मोबिलिटी समाधानों और अवसंरचना में सुधार पर केंद्रित है, जिसमें सतत और कुशल शहरी परिवहन प्रणाली को उजागर किया जाएगा। इसमें अर्बन एयर मोबिलिटी पवेलियन भी शामिल है, जो हरित और सुरक्षित शहरी परिवहन का प्रदर्शन करेगा।

भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो निर्माण उद्योग को आगे बढ़ाने वाले निर्माण उपकरण, तकनीकों और नवाचारों का व्यापक प्रदर्शन करेगा। ये शो निर्माण उपकरण, शहरी परिवहन और वायु मोबिलिटी जैसे उद्योगों का संगम हैं, जो समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए अंतर-क्षेत्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करते हैं। ये शो भारत के कार्बन उत्सर्जन को सतत प्रौद्योगिकियों और व्यवहारों के माध्यम से कम करने की प्रतिबद्धता के साथ भी मेल खाते हैं।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत मॉक साक्षरता का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को बताया कि आईएएस एवं पीसीएस 2024 की मुख्य परीक्षा पास करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर के सेक्टर 37, नोएडा स्थित डा0 भीमराव आम्बेडकर पुस्तकालय सेक्टर-37, नोएडा में मॉक साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मॉक साक्षात्कार हेतु जो भी प्रतियोगी छात्र-छात्रा आवेदन करना चाहते है वो दिपांशु सिंह कोर्स को-आर्डिनेटर मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना गौतमबुद्धनगर के मोबाईल नम्बर 8800770498 व सारांश श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक समाज कल्याण के मोबाइल नम्बर 8860517148 तथा सेक्टर 37 नोएडा स्थित डा0 भीमराव आम्बेडकर पुस्तकालय अभ्युदय योजना केन्द्र में 22 जनवरी तक सम्पर्क कर सकते है।

# स्वामित्व योजना के तहत गौतमबुद्धनगर में 20,344 घरौनियों का वितरण संपन्न

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वामित्व योजना के तहत देशभर में तैयार किए गए प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनियों) का वर्चुअल मोड के माध्यम से वितरण किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से संवाद भी किया। इसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चयनित लाभार्थियों को भौतिक रूप से घरौनियों का वितरण किया।

इसी क्रम में आज गौतमबुद्धनगर के कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद डॉक्टर महेश शर्मा की अध्यक्षता में घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और किसानों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा।

कार्यक्रम में तहसील दादरी के ग्राम चिटहैरा, खंडेरा, चौना, तहसील जेवर के ग्राम जेवर खादर, और तहसील सदर के ग्राम राजपुर कला के लाभार्थियों को कुल 67 डिजिटल घरौनियों का वितरण किया गया। जिले में अब तक कुल 20,344 घरौनियां तैयार




की जा चुकी हैं, जिनमें से तहसील सदर में 2,715, तहसील जेवर में 4,089 और तहसील दादरी में 13,473 घरौनियां शामिल हैं।

सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने अपने संबोधन में स्वामित्व योजना को ग्रामीण विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस योजना से गांवों में वर्षों से निवास कर रहे लोगों को उनकी भूमि के संपत्ति अभिलेख मिल रहे हैं, जिससे भूमि विवाद का समाधान, बैंक से लोन की सुविधा और पंचायत विकास के लिए बेहतर योजनाएं बनाई जा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान सांसद महेश शर्मा ने सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता और जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर एमएलसी श्रीचंद शर्मा, जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह मावी, अपर जिला अधिकारी अतुल कुमार, अपर जिला अधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्र, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, एलआरसी राकेश कुमार और अन्य संबंधित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

स्वामित्व योजना के माध्यम से सरकार ने ग्रामवासियों को उनकी संपत्ति का अधिकार देकर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## कांग्रेसियों ने किया दिल्ली में चुनाव प्रचार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गौतमबुद्धनगर के कांग्रेस नेता कल दिल्ली विधानसभा घौंडा विधानसभा चुनाव में



पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, अन्तर्राष्ट्रीय शूटर एवं किसान नेता पूनम पंडित, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट दिनेश अवाना, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल राय,महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन, पूर्व एआईसीसी सदस्य राज कुमार भारती, जिला कांग्रेस कमेटी गोतमबुद्धनगर एससी/एसटी जिलाध्यक्ष धर्म सिंह बाल्मीकि, जिला कांग्रेस कमेटी गोतमबुद्धनगर सेवादल पूर्व जिलाध्यक्ष वसील अहमद,गौरव लोहिया जिला महासचिव, जितेन्द्र शर्मा दादरी अध्यक्ष विधानसभा युवा कांग्रेस , महासचिव युवा कांग्रेस राम चन्द्र गुप्ता, जिला सचिव युवा कांग्रेस श्याम दीक्षित, राजीव शर्मा, अमित शर्मा, विपिन शर्मा, देवदत्त शर्मा ,नसीम , श्याम बाबू व अन्य लोग मौजूद रहे।

## लापता हुए चारों छात्र मिले

**ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र स्थित बालक इंटर कॉलेज से लापता चारों छात्रों को पुलिस ने सकुशल पकड़ लिया है। एक छात्र को पुलिस से शुक्रवार की सुबह पकड़ा था। उससे पूछताछ करने पर तीन अन्य फरार छात्रों तक पुलिस ने पहुंचने में कामयाबी हासिल की। हालांकि खबर लिखे जाने तक छात्रों को दिल्ली से ग्रेटर नोएडा लाया नहीं जा सका है। पुलिस जांच में सामने आया है कि योजना बनाकर चारों छात्र ग्वालियर भाग गए थे। वहां से दिल्ली पहुंचे और कहीं और जाने की योजना बनाई। पुलिस को मिले एक छात्र ने वापस घर चलने की बात कही जिसे तीन अन्य छात्रों ने नकार दिया। छात्रों ने पिटाई की आशंका जताते हुए घर आने से इनकार कर दिया। छात्र से पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि दिल्ली स्टेशन पर उसे अकेला छोड़कर तीनों छात्र रवाना हो गए।

## ब्रह्माकुमारी ने किया विश्व शांति और आध्यात्मिकता दिवस का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर- 46 में विश्व शांति और आध्यात्मिकता दिवस का





आयोजन किया। यह दिन प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के 55 वर्ष पूर्व देह त्याग को याद करते हुए स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, शांति और आध्यात्मिकता के महत्व को उजागर करना था, जिससे सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकें।

इस विशेष अवसर पर ध्यान, योग और प्रेरणादायक विचार-विमर्श के सत्रों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सभी वर्गों के लोगों को आध्यात्मिक जीवन जीने की प्रेरणा देने का एक मंच था। विशेष प्रदर्शनियों के द्वारा ब्रह्मा बाबा की आत्मज्ञान, सदाचार और शांति की शिक्षाओं को दर्शाया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर सुचित्रा बहन ने मधुर स्वर में गीत गाकर उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया।

ब्रह्माकुमारी सेंटर (सेक्टर 51, सेक्टर 46 और सेक्टर 15) की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कीर्ति लीना दीदी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा ने एक ऐसी दुनिया का सपना देखा था, जहां लोग एकता और सद्भाव से जीवन जीते हैं। उनका मानना था कि हम सभी परमात्मा की संतान हैं और हमारे भीतर एक दिव्य आत्मिक बल है, जो हमें शांति की ओर ले जा सकता है।

ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित विश्व शांति और आध्यात्मिकता दिवस का कार्यक्रम न केवल एक सकारात्मक संदेश था, बल्कि यह दर्शाता है कि आध्यात्मिकता और एकता से हम व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर बदलाव ला सकते हैं। इस आयोजन ने शांति, एकता और आध्यात्मिकता के संदेश को प्रभावी रूप से फैलाने का कार्य किया।

इस विशेष कार्यक्रम में लीना दीदी, ब्रह्माकुमारी शेफाली बहन ने अपने विचार व्यक्त किए।

